बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

# आचरण

वर्ष 39, अंक 359, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, शुक्रवार 27 मार्च 2026 | श्रीरामनवमी आज


**सुविचार**

।। राम नाम का अमृत पीकर करो मुश्किलों का सामना, टूटे जो कभी आस हमारी, राम जी तुम ही हमें थामना। *राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं!।।*



## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में TMC-BJP वर्कर्स में झड़प, 20 घायल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती (एससी) विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इसमें 20 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। 8 लोग हिरासत में लिए गए हैं। यहां 29 अप्रैल को दूसरे फेज में मतदान होना है। उधर, चुनाव आयोग ने बताया कि 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 15 मार्च को चुनाव घोषणा के बाद से अब तक रुपए 400 करोड़ से अधिक के अवैध प्रलोभन जब्त किए गए हैं। इसमें रुपए 17.44 करोड़ कैश, रुपए 167.38 करोड़ के ड्रग्स शामिल हैं। वहीं असम ष्टरूहिमंता ने कहा- कांग्रेस भारत में सरकार नहीं बना सकती। वह पाकिस्तान या बांग्लादेश में ही सरकार बना सकती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ईरान जंग पर मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे

नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने आज देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया में कुछ भी हो जाए, भारत के पास 60 दिन का पेट्रोल, डीजल है।

### पंजाब में पेट्रोल पांच और डीजल तीन रुपए लीटर बढ़ाया

नईदिल्ली। नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा कर दिया है. पेट्रोल की कीमत 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है. यह पहली तेल कंपनी है, जो कच्चे तेल के दाम बढ़ने पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है. यह बढ़ोतरी देश के सभी पेट्रोल पंपों पर नहीं किया गया है, लेकिन देश भर में मौजूद 102,075 पेट्रोल पंपों में से 6,967 पंपों पर हुआ है. नायरा एनर्जी ने लागत के दबाव को कुछ हद तक कम करने के लिए खुदरा कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है. पीटीआई का कहना है कि इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने यह जानकारी दी.

### मप्र में बिजली की दरें 4.80% बढ़ीं, एक अप्रैल से लागू होंगे नए रेट

जबलपुर। मध्य प्रदेश में बिजली की दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग (MPERC) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, इस बार घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक और कृषि श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं। नए टैरिफ आदेश में लो टेंशन (LT) उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जिनके लिए न्यूनतम शुल्क समाप्त कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पहले की तरह स्लैब सिस्टम लागू रहेगा, जिसमें कम खपत पर कम और अधिक खपत पर ज्यादा दर से बिल लिया जाएगा।

## जो जंग लड़ रहे, उन्हें भी इसके असर का अंदाजा नहीं

# ईरान युद्ध से कोविड जैसे हालात का खतरा : पुतिन

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से COVID महामारी जैसे हालात हो सकते हैं।**

मॉस्को में बिजनेस लीडर्स से बातचीत में पुतिन ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी जंग के नतीजों का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो देश इस युद्ध में शामिल हैं, उन्हें भी इसके असर का अंदाजा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स, उत्पादन और सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। साथ ही तेल-गैस, धातु और उर्वरक सेक्टर की कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है।




### बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी

इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है।

### ईरान लड़ाई में कमजोर, बातचीत में मजबूतः ट्रम्प

ट्रम्प ने ईरान के साथ समझौते की संभावना पर संदेह जताया है। 3 दिन पहले उन्होंने कहा था कि युद्ध खत्म करने के लिए डील हो सकती है, लेकिन अब उनका रुख बदला हुआ नजर आ रहा है। ट्रम्प ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में कहा, ÷मुझे नहीं पता कि हम यह कर पाएंगे या नहीं। वे लड़ाई में कमजोर हैं, लेकिन बातचीत में बहुत मजबूत हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि युद्ध की शुरुआत में अमेरिका ने मिशन पूरा करने के लिए चार से छह हफ्ते का समय तय किया था, लेकिन 26 दिन में ही वह तय समय से काफी आगे हैं। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान सही डील करता है, तो होर्मुज फिर से खुल जाएगा।

# सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी, 10 मौतें, 30 से ज्यादा घायल

### महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग, छिंदवाड़ा के सिमरिया में हादसा

छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पिकअप वाहन से टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा घायल हैं। एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया, कुछ के सिर फूटे हैं। हादसा गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उमरानाला इलाके में हुआ। बस में 47 लोग सवार थे। यह छिंदवाड़ा के पुलिस लाइन में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से लौट रही थी। इसी दौरान सिमरिया के पास पिकअप वाहन से टकरा गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे।



### हादसे में 6 पुरुष, 3 महिला और एक बच्चे की मौत

छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के डीन अभय सिन्हा ने कहा- मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। एक घायल की हालत नाजुक है, जिसे नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उसके सिर पर गंभीर चोट है। खून के थक्के जम गए हैं। बाकी घायलों को यहीं रखा गया है।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को पहुंचाया अस्पताल

घायलों को 6 एम्बुलेंसों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके लिए पुलिस ने हादसे की जगह से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया।

# बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत, 6 की जान बचाई

### बस को बड़ी नाव पर चढ़ाते समय हुआ हादसा

ढाका



बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए।

### श्रीनगर में ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर 36 साल बाद फिर खुला



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर को 36 साल बाद दोबारा खोल दिया गया। मंदिर में राम नवमी पर भव्य आयोजन हुआ। यह मंदिर कश्मीरी पंडितों के बड़े पैमाने पर पलायन (एक्सोडस) के बाद बंद कर दिया गया था और पिछले तीन दशकों से अधिक समय से बंद था। इसे कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की वापसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में कश्मीरी पंडित समुदाय, स्थानीय निवासी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन रघुनाथ मंदिर समिति द्वारा किया गया था।

# आंध्रप्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले, 22 घायल

### पीएम ने जताया दुख, राहत राशि देने का किया ऐलान

नईदिल्ली

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के स्क्र वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।



## विवादित ट्रांसजेंडर संशोधन कानून संसद में हुआ पास

# नेशनल काउंसिल ऑफ़ ट्रांसजेंडर पर्सन्स की दो सदस्यों का इस्तीफा

राजीव रंजन नाग

नई दिल्ली। नेशनल काउंसिल ऑफ़ ट्रांसजेंडर पर्सन्स (NCTP) की दो सदस्यों, कल्कि सुब्रमण्यम और रितुपर्णा नियोग ने बुधवार (26 मार्च) शाम को अपने पदों से इस्तीफ़ा दे दिया। उनका इस्तीफ़ा राज्यसभा द्वारा विवादित ट्रांसजेंडर पर्सन्स (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 को पारित किए जाने के तुरंत बाद आया। इस विधेयक को पिछड़ा और अस्तित्व पर संकट बताते हुए उन्होंने कहा कि वे ऐसी परिषद का हिस्सा नहीं बन सकतीं जिससे सरकार ने सलाह लेने से ही इनकार कर दिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार को लिखे अपने इस्तीफ़े के पत्र में, सुब्रमण्यम - जो समिति में दक्षिणी राज्यों की प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रही थीं - ने लिखा कि हाल ही में ट्रांसजेंडर पर्सन्स (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक को पेश किए जाने और पारित किए जाने ने उनके लिए एक असहनीय स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने लिखा, एक वैधानिक प्रतिनिधि के तौर पर, मेरे या NCTP के अन्य समुदाय प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी औपचारिक सलाह-मशविरे के इस विधेयक को आगे बढ़ाने का फ़ैसला, उस मूल उद्देश्य को ही कमज़ोर करता है जिसके लिए इस परिषद की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा, मैंने पिछले कई हफ़्ते दक्षिणी भारतीय राज्यों और पूरे देश में ट्रांसजेंडर और इंटरसेक्स समुदायों के साथ लगातार बातचीत में बिताए हैं। इस पर पूरी तरह से एक राय है। इस विधेयक को हमारी स्व-पहचान और गरिमा के मौलिक अधिकारों के लिए एक पिछड़ा कदम माना जा रहा है। सुब्रमण्यम ने कहा, संसद में एक महत्वपूर्ण विधेयक पेश किया जाना था, लेकिन उस पर हमसे बिल्कुल भी चर्चा नहीं की गई। सिस-प्रतिनिधियों द्वारा अपने रूढ़िवादी और समलैंगिक-विरोधी नज़रिए से लिए गए। उन्होंने कहा कि यह विधेयक इतना पिछड़ा है कि यह हर चीज़ पर ही सवाल खड़े करता है। समिति में पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रतिनिधि रितुपर्णा नियोग ने अपने इस्तीफ़ा में कहा, मैंने NCTP सदस्य के तौर पर अपनी ज़िम्मेदारी को यह समझा था कि मैं अपने समुदाय की आवाज़ को संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाऊँगी। उन्होंने कहा, लेकिन, मौजूदा हालात को देखते हुए, [मैं] NCTP की सदस्य के तौर पर काम जारी नहीं रखना चाहती और पूरी ईमानदारी के साथ, मैं अपनी सभी ज़िम्मेदारियों से इस्तीफ़ा दे रही हूँ। नियोग ने बताया मैंने इस्तीफ़ा दे दिया क्योंकि मुझे लगा कि हमारी कम्युनिटी की बात नहीं सुनी जा रही है। इस फ़ैसले में मेरी कम्युनिटी मेरे साथ है। NCTP की स्थापना 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक दस-सदस्यीय परिषद के रूप में की गई थी, ताकि Transgender Persons (Protection of Rights) Act, 2019 के लागू होने की निगरानी और मूल्यांकन किया जा सके। यह क़ानून 2014 के NALSA फ़ैसले के सिद्धांतों पर आधारित था, जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अपनी पहचान खुद तय करने के अधिकार की पुष्टि की गई थी। सुब्रमनियम , जो पिछले हफ़्ते हुई ज़रूरी मीटिंग में शामिल हुई थीं, ने कहा NCTP के सदस्य, जिन्हें उम्मीद थी कि वे मंत्री से मिलेंगे, उन्हें इसके बजाय सामाजिक न्याय मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार योगिता स्वरुप से मिलने के लिए कहा गया; लेकिन कथित तौर पर उनके साथ बातचीत के बाद उन्हें टाल दिया गया। उन्होंने कहा, जब मैंने उनसे स्वरुप पूछा कि बलात्कार की सज़ा में महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के बीच भेदभाव क्यों है, जैसा कि प्रस्ताव में था, तो उन्होंने मुझसे कहा, 'क्योंकि शरीर की बनावट एक जैसी नहीं होती।' जब मैंने पूछा कि इससे बलात्कार का कृत्य अलग कैसे हो जाता है, तो उन्होंने कोई सफ़ाई नहीं दी। उन्होंने आगे कहा, मंत्री ने अतीत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए कई उपायों के साथ हमारा समर्थन किया है।NCTP के सदस्यों ने पहले आरोप लगाया था कि स्वरुप ने उनकी उठाई गई मांगों का विरोध किया, और जब उनसे पूछा गया कि बिल पर उनसे सलाह क्यों नहीं ली गई, तो उन्होंने कथित तौर पर उनसे कहा, हमें पता है कि बिल के साथ क्या करने की ज़रूरत है, इसलिए आपसे सलाह लेने की कोई ज़रूरत नहीं थी। सुब्रमनियम ने कहा कि वह और कम्युनिटी के अन्य सदस्य इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाएँगे। यह बिल बुधवार को राज्यसभा में लगातार हो रही आलोचना के बीच पास हो गया। इससे पहले मंगलवार को, लोकसभा ने इस विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया, जबकि विपक्ष ने सदन से वॉकआउट (बहिष्कार) कर दिया क्योंकि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार करने से इनकार कर दिया था; और लगभग ढाई घंटे चली चर्चा के बाद इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित कर दिया गया। बता दें कि थाइलैंड की संसद ने एक विवाह समानता विधेयक को भारी बहुमत से पारित कर दिया जिसमें समलैंगिक विवाह समेत किसी भी लैंगिक पहचान के लोगों के बीच विवाह संबंधों को मान्यता दी गई है। इस विधेयक के कानून बनने के साथ थाइलैंड किसी भी लैंगिक पहचान वाले जीवनसाथियों के समानता के अधिकार को कानूनी मान्यता देने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बन गया है।




## संक्षिप्त समाचार

### नृत्य समारोह का आयोजन 30 मार्च को

**सागर, आचरण।** स्थानीय सांस्कृतिक संस्था 'संभावना समग्र विकास समिति, सागर द्वारा, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आगामी 30 मार्च सोमवार को रवींद्र भवन सागर में नृत्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

रंगारंग इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद शैलेष केशरवानी होंगे, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कविता लारिया एवं संस्कृति विदुषी डॉ. कविता शुक्ला होंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे डॉ. आशीष द्विवेदी। शाम सात बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, बरेदी नृत्य, लीलाधर रैकवार की ढिमरयायी आदि प्रस्तुतियां दीं जावेगी। आयोजकों ने प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### कर्मचारी पेंशन वृद्धि की मांग को लेकर भविष्य निधि आयुक्त को देंगे ज्ञापन

**सागर, आचरण।** न्यूनतम पेंशन 7500 प्रतिमाह करने और परिवार जनों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी मांगों को लेकर ईपीएस 95 के कर्मचारी 27 मार्च को भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय का घेराव कर मांग पत्र देंगे। राष्ट्रीय संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष पंडित विनय चौबे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त संबंध में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री वित्त मंत्री श्रममंत्री सहित सभी को लगातार ज्ञापन दिए जा रहे हैं। संसदीय समिति भी उक्त सिफारिश सरकार से कर चुकी है किंतु सरकार ने अब तक कोई आदेश जारी नहीं किये इसलिए सभी कर्मचारी दोपहर 1:00 बजे भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय का घेराव कर उन्हें ज्ञापन देंगे, साथ ही सागर सांसद डॉक्टर श्रीमती लता वानखेड़े को भी ज्ञापन दिया जाएगा। सभी साथियों से एकत्रित होने का आग्रह किया गया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**सागर, आचरण।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देश पर जिले में ईंधन आपूर्ति को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर अविनाश रावत एवं पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा द्वारा सागर जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई। इसी दौरान आपूर्ति के अनुसार मांग की समीक्षा की गई। इस दौरान एसटी कोमलचंद पेट्रोल पंप सिविल लाइन्स, अगम पेट्रोल पंप तिली, डायमंड पेट्रोल पंप राजघाट रोड, सूर्यांश पेट्रोल पंप आरटीओ कार्यालय के पास, मोतीलाल पेट्रोल पंप पथरिया जाट तथा आदित्य पेट्रोलियम सिरोजा सहित अन्य पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा अनावश्यक स्टॉकिंग या कालाबाजारी करने वालों को सख्त समझाइश दी गई। प्रशासन ने पंप संचालकों को निर्देश दिए कि आम जनता को बिना किसी परेशानी के ईंधन उपलब्ध कराएं और अफवाहों पर आधारित अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखें।

पं. दीनदयाल उपाध्याय शास.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हुआ आयोजन

## महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं और रैली के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश

आचरण संवाददाता



**सागर।** मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अमर कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल की महत्ता और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के प्रति जागरूक करना रहा। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। भाषण प्रतियोगिता को डॉ. संगीता मुखर्जी (संयोजक), श्रीमती भानुप्रिया पटेल एवं डॉ. कनिष्क तिवारी की टीम ने बखूबी संपन्न कराया। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. प्रतिमा जैन (संयोजक), डॉ. संदीप सबलोक, डॉ. शालिनी सिंह परिहार की टीम ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। निबंध प्रतियोगिता का कुशल संचालन डॉ. अभिलाषा जैन (संयोजक) के साथ राकेश सैनी एवं श्रीमती रोशनी चौधरी ने किया। वहीं, स्लोगन प्रतियोगिता का दायित्व डॉ. राणा कुंजर सिंह (संयोजक), श्रीमती राखी गौर एवं सुश्री प्रतीक्षा जैन ने संभाला। जागरूकता रैली का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव (संयोजक), लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉ. अनिल मेहरोलिया द्वारा किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने नगर में जल चेतना का संचार किया।

**भाषण प्रतियोगिता में रविकला शुक्ला ने हसिल किया प्रथम स्थानः** अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'जल संरक्षण और संवर्धन' विषय पर अपने ओजस्वी विचार रखे। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के आधार पर रविकला शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूनम चौरसिया को द्वितीय और ऋचा रैकवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही, सृष्टि बोहरे और आवेश सिंह लोधी ने भी अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से जजों को प्रभावित किया।

## अफवाहों के चलते मकरोनिया में पेट्रोल पंपों पर लगी कतारें



**सागर, आचरण।** पेट्रोल डीजल के मामले में तरह-तरह की अफवाहों के चलते मकरोनिया स्थित पेट्रोल पंपों पर गुरुवार की सुबह से पेट्रोल डालने लोगों की कतारें देखने को मिली यहां तक की लोग बड़े-बड़े ड्रम पेट्रोल पंप पर लेकर पहुंचे, हालांकि जिला प्रशासन का दावा है कि सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टाफ है, सागर कलेक्टर द्वारा इस पर निगरानी रखी जा रही है और उन्होंने गुरुवार को जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिले भर में ईंधन आपूर्ति सुचारू बनाए रखने अपर कलेक्टर अविनाश रावत द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण भी किया मकरोनिया में ओम पेट्रोल पंप और चौराहे पर स्थित सत्यपाल पेट्रोल पंप पर लोगों की सुबह से ही लाइन लग गई थी। दोपहर तक सतपाल पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने जवाब दे दिया कि आप पेट्रोल डीजल शाम को मिलेगा इसके बाद पेट्रोल डीजल लेने वालों की भीड़ ओम पेट्रोल पंप पर और अन्य पेट्रोल पंपों पर पहुंच गई। वैसे प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों की एक बैठक बुलाकर स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखें और आम जनता को बिना किसी परेशानी के ईंधन उपलब्ध करायें जिला प्रशासन का दावा है कि अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को लेकर फैलाई जा रही अफवाहें पूरी तरह भ्रामक है सभी पेट्रोल पंप पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक है।

## सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित

आचरण संवाददाता

**सागर।** सागर जिला सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित की गई है कि जिसमें वरिष्ठ आमंत्रित सदस्य संरक्षक सहित अन्य पदाधिकारी बनायें गये है। निर्णायक समिति का गठन भी किया गया है। जिला अध्यक्ष गोविन्द जड़िया, जिला मंत्री महेश सीजी पीपल वाले जिला कोषाध्यक्ष बृजेश सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल सोनी, बिधुभा वाले जिला व्यवस्थापक अध्यक्ष संतोष सोनी, जिला अध्यक्ष प्रशासनिक प्रभार विनीत सोनी नेपाली, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष संजय सोनी पंडा, जिला प्रबंधक राजू सोनी बंम, सहसंगठन मंत्री संजीव जड़िया, बालकिशन सोनी, देवेन्द्र सोनी बल्लू, मनोज गुजरया, दीपांशु सोनी नरसिंहपुर, अतुल सोनी गुड्डू साहेट, जिला उपाध्यक्ष भरत चौधरी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) चरम बिडला, रवि सोनी मशीन, कैलाश बडल्या, आलोक जड़िया, शरत सोनी डोंगरा वाले, श्रीतल सोनी बरिया वाले (कारीगर संघ प्रभारी रामेश्याम सोनी सांचे वाले, संजीव सोनी कोपाला जेम्स, रानवेडा जड़िया, हीलेख सोनी बाने वाले, अभिषेक सोनी पलोटन, संजीव दिवाकर, संतोष सोनी मालवीत वाले, मनोज बिड़ला, संजू सोजी संस, राजेश्वर सोनी, अजय सोनी पच्चु, देवकी नंदन सोनी, हिमांशु सोनी नरसिंहपुर, गौरव सोनी सिलाई वाले, नेहा गीला वाले, मोनी सोनी, विजय बलाई, सुम्मी होती पीपल वाले, जिलासह मंत्री अमित सोनी इंदौरी, आकाश सोनी टोरी, संजय सोनी मम्मा, अजय सोनी, दिनेश शिंजई, गोविन्द बहावाले, सती सोनी बेगमगंज, हेमंत हटा, अंकित सोनी रिखई वाले, प्रदीप सोनी गणपति ज्वेलर्स, श्रीपाल सोनी राईतमढ़ वाले, संजू गुजरवा, गणेश सोनी उम्मू फिलाई, रामकमार सोनी मग्रीन माले, दीपक अग्रवाल, जयप्रकाश सोनी जैटू पड़ा, नमन लोनी बोलू, अमित जैन फैन्सी ज्वेलर्स, पुष्पेन्द्र सोनी, केशव निजोतिया, विश्वनाव सोनी पीपल वाले, नमन सोनी बने वाले, लालू अन, मुड्डू योनी मुन्धी, इशांत सोनी, मयंक सराफ कमल जोलर्स, शुभम् सोनी खुटों वाले, राजनैतिक सलाहकार मदन नेता जी, जयकुमार सोनी पार्षद, रुपेश बड़िया सासी वाले, अनुज सोनी, कानूनी सलाहकार समिति सुरेश लोजी, एडव्होकेट राजू सराफ एडव्होकेट, विकास जड़िया, रुपेश सोनी बिही वाले एडव्होकेट, जिला मीडिया प्रभारी पंकज सोनी, जिला सहमीडिया प्रभारी बंटी सोनी, जिला सहकोषाध्यक्ष राकेश लड़िया स्वर संगीत, योगेश सोनी कल्लू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जय सोनी, आकाश सोनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य आयुष सोनी, बलराम खोजी पटेरा, नीरज सोनी हिलगन, महेन्द्र सोनी मोजू, रामजी सोनी पनारी, अमित सोनी तांगा, नीरज जड़िया, हेमंत वोतटाई, आदित्य सोनी नेपाली, नीरज चितौरिया, राजू बहीलिया, अशोक सोनी जबलपुर, लक्ष्मीजी कोरी, कृष्णा पोद्दार, सचिन सोनी, देव सोनी, करण सोनी, आशु मुखिया, प्रशांत सोनी शिलाई, भरत खोजी बाजार वाले, महेब सोनी बंग, अटल सोनी बरेला, रजनेश सोनी बनाये गये है।

## सन् 2025 नाटक का मंचन आज

**सागर, आचरण।** अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में अशोक विहार, सागर में चल रहे सागर साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेले के अंतर्गत तीसरे दिन आज 'विश्व रंगमंच दिवस' पर रंगसाधक थियेटर ग्रुप सागर द्वारा नाटक-'सन् 2025' का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक पीयूष मिश्रा (NSD) और निर्देशक मनोज सोनी हैं। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि सस्पेंस, क्राइम, थ्रिल पृष्ठभूमि का ये नाटक लोगों के मनोरंजन के साथ न केवल कुछ मनोवैज्ञानिक और सामाजिक समस्याओं की ओर हमारा ध्यान खींचता है, बल्कि उसके समाधान की ओर भी हमें इशारा देता है। 1 घंटा 15 मिनिट अवधि के इस नाटक में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क है। गौरतलब है कि ये नाटक सागर के अलावा देश के कई प्रतिष्ठित नाट्य समारोहों में आमंत्रित किया जाता रहा है और आज शाम 7 बजे इस नाटक की आठवीं प्रस्तुति है।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खिलाफ शिवसेना ने खोला मोर्चा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आचरण संवाददाता

**सागर।** मकरोनिया में बिना निरीक्षण उद्योगों को सीटीओ व एनओसी जारी करने वाले क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई की माँग को लेकर शिवसेना ने सागर कलेक्टर संदीप जी आर को ज्ञापन सौंपा।

शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से रेड एवं ऑरेंज ज़ोन सहित अन्य उद्योगों को नियम विरुद्ध एनओसी लेकर चल रहे है जहाँ प्रदूषण विभाग द्वारा लगभग 135 उद्योगों को CTE व CTO प्रमाण पत्र जारी किया लेकिन अनआपत्ति प्रमाण पत्र (NOC) देते समय साइड पर अधिकारियों ने मात्र 2 उद्योगों पर निरीक्षण किया और तो वही उद्योगों से निकलने वाले धुए या गंदे पानी की लैब द्वारा कोई जांच ही नहीं की गई तो फिर निरीक्षण रिपोर्ट में सब कुछ सही कैसा मना प्रदूषण व गंदा पानी रोकने वाले लगभग 237 ( ETP STP APC) यंत्र सिर्फ कागज़ों पर लगाए गए या फिर बंद पड़े हुए है विभाग द्वारा उनके बिजली बिलों की जांच नहीं की गई। जबकि उक्त यंत्रों का 24 घंटे चलना अनिवार्य है प्रदूषण मापने वाले फ्लो मीटर लगे ही नहीं या बंद पड़े है। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने आरोप लगाया क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी लाखों रुपये लेकर कार्यालय में बैठकर बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी कर रहे है।

डिफाल्टर बंसल हॉस्पिटल पर कार्रवाई या जुर्माना लगने की वजह रात 12 बजे एनओसी रिन्यू कर जाते है। अधिकांश होटल स्टोन क्रेशर सर्विसिंग सेंटरों ने वर्षों से ( फ़ार्म बी) जमा नहीं किया और प्रदूषित कचरा पानी रहवासी नालियों में छोड़ा जा रहा है। जिसके प्रमाण कलेक्टर संदीप जी आर को शिवसेना द्वारा ज्ञापन के साथ सौंपा गए है। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा मकरोनिया सहित जिले भार में सैकड़ों उद्योगों की एनओसी बैधता ख़त्म हो चुकी है तो कई के पास प्रदूषण विभाग की NOC ही नहीं है और विभाग के अधिकारी आंख बंद कर बैठे है और लाखों रुपये की वसूली कर रहे है शीघ्र ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो शिवसेना एनजीटी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मुख्यमंत्री से शिकायत के साथ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर का घेराव करेगी ज्ञापन देने वालो में बलराज जोशी, अमन ठाकुर आशुतोष तिवारी सतीश अवस्थी आदि जैन पंकज दुबे उपस्थित थे।

## यदि पद की इच्छा है वह मोक्षमार्गी नहीं हैः मुनिश्री

आचरण संवाददाता



**सागर।** आचार्य पद बड़ा जिम्मेदारी का पद होता है कोई भी पद हो जिम्मेदारी रहती है सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहां पर यहां पर कोई पद स्वीकार नहीं करना चाहता है संसार में व्यक्ति पदों के पीछे दौड़ता है कि उसे मिल जाए लेकिन मोक्ष मार्गी पद के पीछे नहीं दौड़ता है लेकिन जो मोक्ष मार्गी पद के पीछे भागता है वह मोक्ष मार्गी नहीं होता है। आचार्य श्री समय सागर महाराज के दूसरे आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर बाहुबली कॉलोनी में मुनिश्री महासागर महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि जीव हमेशा अच्छे परिणाम से जीवन जीता है। जैन दर्शन में स्पष्ट है कि जो कुछ किया जा रहा है स्वयं के लिए किया जा रहा है। बीतरागी ना निंदा से डरता है ना ही प्रशंसा से, क्योंकि निंदा होने या प्रशंसा होने पर आत्मा कभी रागी बनेगी कहीं दोषी बनेगी। इसी प्रकार मोक्ष मार्गी को प्रशंसा नहीं करना चाहिए कोई की प्रशंसा करेंगे और कोई निंदा करेंगे यह भी ठीक नहीं है। मोक्ष मार्गी को पद के पीछे कभी नहीं जाना चाहिए यदि कोई मोक्ष मार्गी पद के पीछे जाता है तो वह मोक्ष मार्गी नहीं है। उसे पक्षपात से रहित होना चाहिए। मोक्ष मार्गी राजनीतिक पार्टी नहीं है। धर्म का विरोध नहीं करना चाहिए, ख्याति लाभ पूजा की चाह है, पद प्रतिष्ठा की चाह है, प्रदर्शन के साथ रहता है, प्रतिस्पर्धा के साथ रहता है, उसका समर्थन करेंगे। उसके सम्यक दर्शन का क्या होगा और हम सभी मिथ्या दृष्टि हो जाएंगे। धर्म में पक्षपात कहीं लिखा नहीं है धर्म में सिर्फ दो पक्ष एवं व्यवहार पक्ष और निश्चय पक्ष, मोक्ष मार्गी दो लक्ष्यों के साथ नहीं चलता सिर्फ एक लक्ष्य के साथ चलता है। गिरते हुए प्रयोजन से आत्मा अधोगति में जाएगी परिणामों से गिरने पर उसकी दुर्गति होती है। आचार्य श्री समय सागर महाराज आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रतिकृति है उन्हें किसी पद की चाहत ना थी ना है ना रहेगी। संसार में शांति चाहिए तो चाह को हटाना होगा। आचार्य श्री समय सागर महाराज की द्वितीय आचार्य पधरोहण दिवस के अवसर पर बाहुबली कॉलोनी सहित शहर के सभी मंदिरों में आचार्य श्री की पूजन हुई और उनके जीवन चरित्र और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

## नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण, विधायक शैलेंद्र ने खुद चलाई जेसीबी, बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश

आचरण संवाददाता



**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पंतनगर तिराहा स्थित वंदेमातरम चौराहा से भोपाल रोड स्थित बड़ी नदी तक UCF अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत चल रहे लगभग 2 किलोमीटर लंबे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाले के दोनों ओर बनाए जा रहे रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने स्वयं जेसीबी मशीन चलाकर कार्य का उत्साहवर्धन किया और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश से पहले कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु के दौरान इस नाले में उफान आने से आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। कई घरों और निचले इलाकों में पानी भर जाता था, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। रिटेनिंग वॉल के निर्माण से न केवल जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी, बल्कि नाले के किनारे हो रहे अतिक्रमण पर भी प्रभावी रोक लगेगी। विधायक जैन ने बताया कि निर्माण के साथ ही शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे बारिश के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से हो सके और कॉलोनियों में जलभराव की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत वंदेमातरम चौराहा क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का भी जायजा लिया गया। इस दौरान भारत माता की प्रतिमा की धुलाई, परिसर की साफ-सफाई, बैठने के लिए बेंच लगाने तथा चारों ओर पौधारोपण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पार्षद विशाल खटीक, प्रणव कन्होआ, प्रासुख जैन, संजीव जड़िया, इंजीनियर दिनकर शर्मा, संयम चतुर्वेदी, सईद कुरैशी, विशाल खरे, हरेंद्र खटीक, कृष्ण कुमार अहिरवार, बंटी जाट सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता

खेल जीवन में शारीरिक व मानसिक विकास के साथ तनाव मुक्ति का सशक्त माध्यम हैः शैलेंद्र

## राज्यस्तरीय अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक-कर्मचारी खेल महाकुंभ का भव्य समापन, भोपाल टीम का दबदबा

आचरण संवाददाता



**सागर।** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक-कर्मचारी (पुरुष/महिला) खेल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार, 26 मार्च 2026 को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। 24 से 26 मार्च तक चले इस खेल महाकुंभ में प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि सागर नगर विधायक शैलेन्द्र जैन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि 'शिक्षक भारत का भाग्य विधाता है। खेल जीवन में शारीरिक व मानसिक विकास के साथ तनाव मुक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजन की सफलता पर महाविद्यालय को शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी समन्वय और सौहार्द को बढ़ाते हैं, अतः इन्हें निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे ने खेलों को जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मिश्रा ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मोनिका हार्डीकर ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कुल 264 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिला वर्ग में भोपाल टीम विजेता एवं जबलपुर उपविजेता रही, वहीं पुरुष वर्ग में भोपाल विजेता तथा उज्जैन उपविजेता रहा। टेबिल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत एवं टीम इवेंट्स में भोपाल, उज्जैन, जबलपुर और इंदौर संभाग के खिलाड़ियों ने कई खिताब अपने नाम किए। समापन समारोह में सभी विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एम.आई. सदस्य श्रीमती संगीता जैन, विनय मिश्रा, प्रासुक जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुभाष हार्डीकर, समन्वयक डॉ. नवीन गिडियन, डॉ. अंजना नेमा, कु. जयश्री राठौर, कु. कीर्तिका ठाकुर एवं कु. समीक्षा तिवारी का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन डॉ. आशुतोष शर्मा एवं डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका हार्डीकर ने किया।

## दादी जानकी जी का 6वां स्मृति दिवस, वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया

आचरण संवाददाता



**सागर।** सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी जी ने कहा कि 140 देशों में फैले ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी का सम्पूर्ण जीवन एक प्रेरणा पुंज है। दादी जानकी जी का जन्म सन् 1916 में हैदराबाद सिंध प्रांत में हुआ। दादी जानकी जी ने सन् 1970 में भारतीय संस्कृति का विदेशों में बीजारोपण किया।दादी जी के अपनेपन, स्नेह-प्यार एवं नैतिक मूल्यों की भाषा ने विदेशी जमीन पर भारतीय संस्कृति को स्थापित किया। सन् 2007 में दादी जी ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका बनी। दादी जी के अथक और निःस्वार्थ सेवा ने परमात्म ज्ञान को विश्व के 140 देशों में पहुंचाया। दादी जी केवल चौथी कक्षा तक पढ़ी थी और 46000 ब्रह्माकुमारी बहिनों की मां समान पालना की। दादी जानकी को परमात्मा शिव ने ईश्वरीय ज्ञान में आते ही ''जनक बच्ची'' का टाईटल दिया। जिस प्रकार राजा जनक की कहानी सुनते हैं कि वे राजमहल में रहते भी ऋषि की तरह रहे, महल उनके अंदर नहीं बसा। इसी प्रकार दादी जानकी ने दो शब्दों में मैं कौन? और मेरा कौन? अर्थात् मैं आत्मा सृष्टि चक्र में सर्वश्रेष्ठ पार्टधारी आत्मा हूँ और मेरा कौन अर्थात् एक ईश्वर पिता ही मेरा सर्वस्व है। दो शब्दों में सारे ज्ञान का सार अपने जीवन में समाकर एक शिव के साथ इतना गहन रिश्ता जोड़ लिया, कि बड़े-बड़े वैज्ञानिकों ने उनके मन का परीक्षण कर उन्हें संसार की सबसे स्थित प्रज्ञ योगी का खिताब दिया। दादीजी सदा परमात्म प्यार में लीन रहती थी, उनकी दृष्टि से ही परमात्म प्यार की अनुभूति होती थी। इसलिए उनके सानिध्य में आने वालें देश-विदेशों में अलग-अलग धर्म, संस्कृति और भाषा के लोग सब कुछ भूलकर सत्य स्वरूप आत्मा की और परमात्मा की अनुभूति कर अपने जीवन का परिवर्तन कर लेते थे। इस अवसर पर संस्था के सभी भाई बहनों ने दादी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, कल्पना बहन, पार्वती बहन, मोनिका बहन, कामिनी बहन सहित सभी भाई-बहिन उपस्थित रहे।

## जय मां सिंहवाहिनी मंदिर सिद्ध पीठ में 1100 दीपों से हुई महा आरती



सागर आचरण। नवरात्रि के पावन पर्व अष्टमी पर मां सिंहवाहिनी मंदिर सिद्ध पीठ विजय टाकीज चौराहा सागर मे शाम 7,30 बजे 1100 दीपों से हुई महाआरती ढोल, बाजे, शंख, झालर के साथ आरती हुई एवं 56 व्यंजनों का महाभोग प्रसाद भी लगाया गया । साथ ही हरि नाम संकीर्तन भी हुआ। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु मातृ शक्ति आरती में उपस्थित रहीं। आरती में पं हरिशंकर पांडे सुनील पांडे अनिल दुबे लक्ष्मण सिंह नीरज पांडे दिनेश दुबे चिन्मय पांडे मुकेश नायक पप्पू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।




सागर आचरण। चमेली चौक स्थित महाकाली मंदिर में गुरूवार को विशेष आरती और पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विश्व टीबी दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित

**सागर आचरण।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। शिविर का उद्देश्य टीबी के लक्षणों, उपलब्ध जांचों तथा उपचार के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि देश में न केवल टीबी के मामलों में कमी आई है। बल्कि उपचार की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वर्तमान में टीबी उपचार कवरेज लगभग 92 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि टीबी मुख्यतः संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से फैलने वाले जीवाणुओं के माध्यम से श्वसन द्वारा दूसरे व्यक्ति में फैलती है। जिसके कारण यह प्रायः फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि यह रोग शरीर के अन्य अंगों जैसे आंख, रीढ़, मस्तिष्क, आंत एवं गर्भाशय को भी प्रभावित कर सकता है। अतः समय पर पहचान एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है। टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, सीने में दर्द या भारीपन, खांसी के साथ खून या बलगम आना, लगातार कमजोरी एवं थकान, बिना कारण वजन कम होना, हल्का बुखार तथा रात्रि में अधिक पसीना आना शामिल हैं।

डॉ. साद ने यह भी बताया कि कुछ मामलों में टीबी के स्पष्ट लक्षण नहीं होते, जिसे लेटेंट टीबी कहा जाता है। इसकी पहचान के लिए जांच सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। जिन व्यक्तियों में यह जांच सकारात्मक आती है। उन्हें सप्ताह में एक बार कुल 12 खुराक का उपचार दिया जाता है। जिससे अगले 18 वर्षों तक टीबी विकसित होने की संभावना लगभग 80 प्रतिशत तक कम हो जाती है। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना सरन ने बताया कि टीबी का उपचार डॉट्स कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह तक निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने पूर्ण एवं नियमित उपचार के महत्व पर विशेष बल दिया।

### दो फिजियोथैरेपिस्ट एनएचएम द्वारा जिला अस्पताल में दे रहे थे सेवाएं, वह हुए पक्के, जाएंगे बाहर

# जिला अस्पताल में अब नहीं मिलेगी फिजियोथैरेपी की सुविधा?

आचरण संवाददाता

सागर। जिला अस्पताल में वर्तमान में दो महिला फिजियोथैरेपिस्ट अपनी सेवाएं दे रही है। वह भी एनएचएम द्वारा जिला अस्पताल में नियुक्त की गई थीं । लेकिन अब वह भी जल्द ही सागर से बाहर चली जाएगी। क्योंकि उनको शासन द्वारा पक्का कर उन्हें अन्य जिलों में नियुक्त कर दिया गया है। जिससे सागर जिला अस्पताल में फिजियोथैरेपिस्ट नहीं होने से थैरपी का काम बंद हो जाएगा और सागर शहर की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में एनएचएम द्वारा फिजियोथैरेपिस्ट डा. फिरदोश परवीन और उनकी एक सहयोगी डा. प्रियंका नामदेव को नियुक्त किया गया था। वह दोनों पिछले कुछ सालों से लगातार सागर शहर और जिले से आने वाले मरीजों की थैरपी जिला अस्पताल में कर रही है। लेकिन शासन द्वारा कुछ माह पहले प्रदेश के कुछ अस्पतालों के लिए शासकीय फिजियोथैरेपिस्ट की भर्ती निकाली गई थी। जिसमें सागर जिले का नाम नहीं था। इस भर्ती




के लिए सागर में सेवाएं दें रही डा. फिरदौस परवीन और उनकी सहयोगी डा. प्रियंका नामदेव ने आवेदन किया था। जिसमें उनका चयन टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में हो गया है। ऐसी स्थिति में वह दोनों जल्द ही जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं सामाप्त कर टीकमगढ़ और निवाड़ी चली जाएंगी। जिससे सागर जिला अस्पताल में चल रहे फिजियोथैरेपी सेन्टर में फिजियोथैरेपिस्ट नहीं होने से यह बंद हो जाएगा।

### हर माह थैरेपी कराते हैं 700 से 900 मरीज

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में संचालित फिजियोथैरेपी सेन्टर पर हर दिन 35 से 40 मरीजों की थैरपी होती है। इस प्रकार माह में 700 से 900 मरीज जिला अस्पताल में थैरपी के लिए आते हैं और थैरपी करवाते है। अब सवाल यह आता है कि अगर जिला अस्पताल में एनएचएम द्वारा नियुक्त फिजियोथैरेपिस्ट यहां से चलें गए तो इन मरीजों को थैरपी के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ेंगे। जो अभी निशुल्क थैरपी हो रही है। साथ ही मरीजों को काफी परेशानी भी होगी।

### मरीज और उनके परिजन कर रहें मांग

जब इस विषय में जिला अस्पताल में थैरपी करवाने वाले मरीज और उनके परिजनों से बात की तो उनका कहना है कि अगर जिला अस्पताल में यह सेवा बंद हो गई तो हम जैसे मरीजों को काफी परेशानी होगी। क्योंकि अगर हम बाहर थैरपी करवाते है तो हमें हजारों रुपए लगते है। जबकि जिला अस्पताल में थैरपी निशुल्क हो जाती है। ऐसे में हम सभी मांग करते है कि जिला अस्पताल में यह सेवा बंद नहीं होनी चाहिए, नहीं तो गरीब मरीजों को काफी परेशानी होगी। यहां थैरपी करने वाले मरीज और उनके परिजन मांग कर रहें है कि सागर संभाग है और यहां की अस्पताल के लिए शासन द्वारा पक्के फिजियोथैरेपिस्ट की नियुक्ति की जाए।

### क्या है फिजियोथैरेपी

फिजियोथेरेपी एक ऐसा उपचार है जो आपके शरीर की शारीरिक गतिविधियों को बेहतर ढंग से करने में मदद करता है। यह दर्द प्रबंधन की सामान्य योजना का हिस्सा हो सकता है या किसी चोट या स्वास्थ्य समस्या के लिए विशिष्ट उपचार हो सकता है। कई प्रकार की सर्जरी के बाद भी फिजियोथेरेपी की आवश्यकता होना आम बात है। चोट लगने से पहले ही उन्हें रोकने के लिए भी आपको फिजियोथेरेपी की आवश्यकता हो सकती है।

### फिजियोथैरेपी से किन बीमारियों का होता है इलाज

अधिकांश लोग किसी चोट या बीमारी का निदान होने के बाद ही फिजियोथेरेपी शुरू करते हैं। उदाहरण के लिए चोट लगने की घटनाएं में, गर्दन में दर्द, पीठ दर्द, घुटने के दर्द, कूल्हे का दर्द, कार्पल टनल सिंड्रोम, टेंडिनोपैथी, रोटेटर कफ में चोट, घुटने के लिगामेंट में चोट, टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट, मस्तिष्क में चोट लगना, स्ट्रोक, रीढ़ की हड्डी में चोट लगना, मस्तिष्क में आघातजन्य चोटें शामिल हैं। इनके अलावा भी कई प्रकार की बीमारियों में फिजियोथैरेपी की आवश्यकता हो सकती हैं।

### नहीं होगी थैरेपी बंद

इस मामले में जब जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. आरएस जयंत से बात हुई तो उनका कहना है कि जिला अस्पताल में संचालित फिजियोथैरेपी सेन्टर बंद नहीं होगा। अगर वर्तमान में जिला अस्पताल में कुछ कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने फिजियोथैरेपी की ट्रेनिंग ली हुई है। अगर वर्तमान में यहां सेवाएं दे रही फिजियोथैरेपिस्ट चली गई तो उनका कार्य को वह कर्मचारी करेंगे।

## डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई अवधारणा नहीं : सिन्हा




### साइबर सुरक्षा, एआई के फायदे-नुकसान एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव पर हुआ प्रभावी टॉक शो

आचरण संवाददाता

सागर। जिला सागर में आयोजित सागर साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेला के अंतर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता टॉक शो का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उनके साथ बीटी इंस्टिट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य राजू टंडन, अधिवक्ता वरुण कुमार, प्रधान एवं साइबर फॉरेन्सिक विशेषज्ञ समीर बलैया भी मंचासीन रहे। अपने उद्बोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वैधानिक प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं है। यह केवल साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को डराने एवं ठगने का एक नया तरीका है। उन्होंने बताया कि ठग स्वयं को पुलिस या अन्य एजेंसियों का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन के माध्यम से लोगों को डराते हैं और उनसे पैसे वसूलने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे किसी भी कॉल या संदेश पर विश्वास न करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### बढ़ते साइबर फ्रॉड पर गहन चर्चा

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सागर एवं मध्य प्रदेश में हाल ही में सामने आए साइबर अपराधों- जैसे आनलाइन फ्रॉड, फिशिंग अपडेट के नाम पर ठगी सोशल मीडिया हैकिंग आदि के उदाहरण प्रस्तुत किए। इन मामलों के माध्यम से लोगों को अपराधियों के तरीके समझाए गए ताकि वे सतर्क रह सकें।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान भी, चुनौती भी

श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि इस तकनीक से कार्यों में तेजी, सटीकता एवं सुविधा बढ़ी है।

वहीं दूसरी ओर इसका दुरुपयोग कर डीपफेक वीडियो, फर्जी वॉइस कॉल एवं डिजिटल ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध वीडियो, कॉल या मैसेज की सत्यता जांचे बिना उस पर भरोसा न करें।

### संवादात्मक सत्र बना कार्यक्रम की विशेषता

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रोताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपने प्रश्न पूछे। जिनका वक्ताओं द्वारा सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समाधान किया गया। कई नागरिकों ने अपने साथ हुई साइबर ठगी के अनुभव भी साझा किए। जिससे कार्यक्रम अत्यंत जीवंत, संवादात्मक एवं प्रभावशाली बन गया।

### साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण बचाव उपाय

क्रार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा निम्न प्रमुख सावधानियां बताई गईं। जिसमें उन्होंने बताया कि बैंक डिटेल एवं पासवर्ड किसी से साझा न करें, अनजान लिंक या ऐप डाउनलोड करने से बचें, सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखें। किसी भी संदिग्ध कॉल-वीडियो कॉल से सतर्क रहें, बैंकिंग अपडेट के नाम पर आने वाले कॉल से सावधान रहें।

### आपात स्थिति में तुरंत लें पुलिस की सहायता

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल पुलिस को या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सागर पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

## जिला उपभोक्ता आयोग : एक्सीडेंट में डंपर नष्ट हो गया था, 14 साल बाद मिला मुआवजा

आचरण संवाददाता

सागर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषणा आयोग, सागर ने एक फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी की उस हठधर्मिता परे कर दिया। जिसके कारण एक परिवार पिछले 14 वर्षों से मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना झेल रहा था। दिलचस्प बात यह है कि यह मामला एक बार जिला आयोग से खारिज हो चुका था, जिसके बाद राज्य उपभोक्ता आयोग, भोपाल के हस्तक्षेप और मामले को पुनः जिला आयोग वापस भेजने के चलते अब पीड़ित परिवार को न्यायस्वरूप करीब 12 लाख रु. का मुआवजा देने का आदेश पारित हुआ है।

### संघर्ष और लंबी कानूनी लड़ाई लड़ना पड़ी

मामला साल 2012 का है, जब मृतक संजीव कुमार शर्मा का डंपर(क्रमांक MP 15 HA 0314) एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। दुर्घटना के बाद वाहन में आग लग जाने से वह पूरी तरह नष्ट (टोटल लॉस) हो गया था। हालांकि, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने तकनीकी खामियों और मरम्मत के बिलों का बहाना बनाकर उपभोक्ता के दावे को वर्षों तक लटकाए रखा। शुरुआती दौर में जब संजीव कुमार शर्मा ने जिला आयोग का दरवाजा खटखटाया, तो तकनीकी आधार पर उनका परिवाद खारिज कर दिया गया था। इसके बाद परिवार ने हिम्मत नहीं हारी और राज्य आयोग, भोपाल में अपील की। राज्य आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे पुनः जिला आयोग, सागर को नए सिरे से सुनवाई के लिए भेजा। इस लंबी कानूनी प्रक्रिया और बीमा कंपनी के टालमटोल वाले रवैये के बीच परिवादी संजीव कुमार शर्मा का निधन भी हो गया, जिसके बाद उनकी पत्नी ऊषा शर्मा और पुत्रों ने इस लड़ाई को जारी रखा।

### दलील: बीमा कंपनी मुआवजा देने बच रही

उपभोक्ता की ओर से अधिवक्ता पवन नन्होरिया ने पक्ष रखा। उन्होंने आयोग के समक्ष यह साबित किया कि जब वाहन 75ज्ञ से अधिक क्षतिग्रस्त हो चुका था और सर्वेयर की रिपोर्ट में भी भारी नुकसान की पुष्टि हुई थी, तो बीमा कंपनी द्वारा मरम्मत के बिल मांगना और %नो-क्लेम% के आधार पर फाइल बंद करना सेवा में गंभीर कमी है। एड. नन्होरिया की दलीलों ने यह स्पष्ट कर दिया कि कंपनी केवल भुगतान से बचने के लिए उपभोक्ता को परेशान कर रही थी।

### बीमा कंपनी अनुचित व्यापार की दोषी

जिला आयोग के अध्यक्ष राजेश कुमार कोष्टा और सदस्य श्रीमती अनुभा वर्मा ने अपने फैसले में बीमा कंपनी के रवैये को अनुचित व्यापार प्रथा माना। आयोग ने स्पष्ट किया कि जब वाहन टोटल लॉस की श्रेणी में था, तो कंपनी का कैश-लॉस बेसिस पर भुगतान का प्रस्ताव देना और मरम्मत के बिल मांगना अतार्किक था। उन्होंने कंपनी को आदेश दिया गया है कि वह परिवादी को 11,75,400 रुपये (IDV मूल्य में से साल्वेज वैल्यू घटाकर) का भुगतान करे। राशि 10 फरवरी 2022 से भुगतान की तिथि तक 6% वार्षिक ब्याज के साथ देनी होगी। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कष्ट के लिए 20,000 रुपये की अतिरिक्त राशि और कानूनी खर्च के रूप में 2,000 रुपये देने का भी आदेश दिया गया।

### श्री राम नवमी पालकी यात्रा एवं शोभायात्रा आज

सागर आचरण। श्रीराम नवमी महामहोसव की तैयारियो को लेकर उत्सव समिति सागर के तत्वाधान मे सर्व समाज के अध्यक्ष एवं धर्म प्रेमी बन्धुओ एवं मातृ शक्ति की एक बृहद बैठक दत्त मंदिर लक्ष्मी पुरा चंमपाबाग मे आयोजित की गई। शुक्रवार की शाम 4 बजे चंपाबाग से शोभायात्रा शुरू होगी। जो बड़ा बाजार, तीनबत्ती होकर कटरा पहुंचेगी। शाम 7 बजे तीनबत्ती पर सामूहिक हनुमान चालीसा होगा।

## ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

### पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ा, ट्रक जब्त

आचरण संवाददाता

सागर। गोपालगंज थाना में आने वाले खेल परिसर के सामने वाली रोड पर बुधवार की रात एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर सामने जा रही बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना देख घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने ट्रक चालक को पकड़ लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची। जहां पुलिस ने शवों की पंचनामा कार्रवाई कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस से मिली बुधवार की रात करीब पौने 11 बजे सिविल लाइन की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 06 जीडी 2973 ने सामने जा रही बाइक क्रमांक एमपी 15 एनके 1963 को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक वहीं पर रुक गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंच कर हादसे की सूचना पुलिस को दी। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची। जहां मृतकों की पहचान झंडा चौक निवासी अभिषेक साहू 25 वर्ष और रणवीर सिंह पिता रमेश सिंह परिहार के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तुरंत ट्रक चालक को गिरफ्तार करते हुए ट्रक जब्त कर लिया। वहीं दोनों शवों को सड़क से उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं ट्रक को भी रास्ते से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### मृतक खाना खाकर लौट रहे थे घर

मृतक के भाई प्रियांशु साहू ने पुलिस को बताया कि उसका भाई मृतक अभिषेक और उसका दोस्त रणवीर सिंह दोनों साथ में खाना खाने गए थे। वह सिविल लाइन से बस स्टैंड की ओर आ रहे थे। तभी ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अभिषेक की बाइक को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक के कमर के नीचे से ट्रक का पहिया चढ़ गया। जिससे उसका आधा हिस्सा क्षतविक्षत हो गया। जबकि दूसरे युवक को भी सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई, वही बाइक दूर जा फिकी।



**तीन चीजों को लम्बी अवधि तक छुपाया नहीं जा सकता, सूर्य, चन्द्रमा और सत्य- गौतम बुद्ध**

## दिशा विहीन होता युद्ध

**पश्चिम** एशिया में चल रहा ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध अब ऐसी दिशा विहीनता की तरफ जाता दिखाई पड़ रहा है जिसमें पूरी दुनिया के विभिन्न देश असमंजस की स्थिति में जान पड़ते हैं क्योंकि एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि अब ईरान में सैनिक गतिविधियां कम करने का समय आ गया है और दूसरी तरफ वह अरब सागर क्षेत्र में भारी नौसैनिक आयुध बेड़ा भी भेज रहे हैं और साथ ही ईरान के परमाणु संयंत्र क्षेत्र नतांज पर हमला भी कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह धमकी भी दे दी है कि अगर 48 घंटे के भीतर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य का समुद्री मार्ग यातायात के लिए न खोला तो ईरान पर भयंकर निर्णायक हमला होगा। इससे जाहिर है कि ट्रम्प भारी मानसिक दबाव में हैं और वह हर पल अपनी रणनीति बदल रहे हैं। इसके समानान्तर ईरान अपनी सीमाओं से लगभग चार हजार कि.मी. दूर समुद्री सीमाओं में हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थित 'दियेगो गार्शिया' टापू पर बने अमेरिकी-ब्रिटिश सैनिक अड्डे पर प्रक्षेपास्त्र हमले करके चौंका रहा है और ऐलान कर रहा है कि वह अपने ऊपर किये गये इजराइली-अमेरिकी हमले का जवाब पूरी सैनिक क्षमता व सामर्थ्य के साथ देगा परन्तु इस बीच ट्रम्प दुनिया के उन तमाम देशों से यह आव्हान भी कर रहे हैं कि वे ईरान के कब्जे वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को खोलने के लिए एकजुट हो जायें जिससे उनके यहां पेट्रोलियम, कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस की सप्लाई बाधित न हो सके। बेशक यूरोप के विभिन्न देशों ने जलडमरू मार्ग को वाणिज्यिक यातायात के लिए खोलने के लिए ईरान से अपील की है मगर फ्रांस व जर्मनी ने कहा है कि पहले युद्ध की समाप्ति की घोषणा होनी चाहिए। ये सब तथ्य बताते हैं कि ट्रम्प की पहल पर शुरू हुए इस युद्ध का अब कोई छोर नजर नहीं आ रहा है। ट्रम्प इसके साथ यह भी कह रहे हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर अमेरिका के लिए कोई जहाज नहीं आता है इसलिए प्रभावित देशों का ही दायित्व बनता है कि वे इसे खुलवाने के लिए स्वयं आगे आयें। अतः विश्व पंचायत संयुक्त राष्ट्र संघ को हिन्द महासागर क्षेत्र को 'अंतर्राष्ट्रीय शान्ति क्षेत्र' घोषित करना चाहिए। उस समय भारत का यह रुख बहुत दूरदृष्टिता पूर्ण था क्योंकि तब भारत के पड़ोसी देश चीन की सैनिक महत्वाकांक्षाओं का वह अंदाजा लगा रहा था लेकिन बाद में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में आये बदलावों की वजह से हिन्द महासागर क्षेत्र को शान्ति क्षेत्र घोषित नहीं किया जा सका और अमेरिका ने यहां अपना सैनिक अड्डा स्थापित कर लिया लेकिन 1979 में जब ईरान में ही इस्लामी क्रान्ति आयतुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में हुई और यहां शाही शासन समाप्त हुआ तो उसके बाद से अमेरिका ने दियेगो गार्शिया का भरपूर इस्तेमाल करने में कोई कोताही नहीं बरती और 1990-91 के पश्चिम एशिया में हुए खाड़ी युद्ध के दौरान इसी अड्डे से मिसाइलों व लड़ाकू हवाई जहाजों से हमले किये गये। 2001 में जब अमेरिका ने अफगानिस्तान को अपना निशाना बनाया तो तब भी इसी अड्डे का सैनिक इस्तेमाल किया गया। इसके बाद 2003 में भी जब अमेरिकी सेनाओं ने इराक पर हमला किया तो दियेगो गार्शिया से ही भारी हवाई हमले किये गये थे। अतः ईरान ने इसे सीधे निशाने पर लेकर चेतावनी दे दी है कि उसे युद्ध के व्यापक होने का भी कोई डर नहीं है परन्तु दियेगो गार्शिया मूल रूप से मारीशस का ही भाग कहा जा सकता है क्योंकि 2019 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने फैसला दिया था कि 1966 में ब्रिटेन द्वारा इसे अलग रखना असंवैधानिक था परन्तु ब्रिटेन द्वारा 1966 में अमेरिका को 50 साल के पट्टे पर दिये जाने के बाद 2016 में इस पट्टे की अवधि 20 साल के लिए और बढ़ा दी जो 2036 में समाप्त होगी। इसके बाद 2025 में ब्रिटेन ने मारीशस के साथ संप्रभुता समझौता किया जिसमें इसके करीब के सभी क्षेत्रीय टापुओं की संप्रभुता मारीशस को सौंप दी गई परन्तु ब्रिटेन ने इसके साथ ही दियेगो गार्शिया टापू क्षेत्र को 99 वर्ष के पट्टे पर लिये जाने का अनुबंध भी कर लिया जो कि प्रतिवर्ष लगभग दस करोड़ पौंड के शुल्क के साथ था। इससे कम से कम हम यह तो अन्दाजा लगा ही सकते हैं कि अमेरिका व ब्रिटेन के आपसी हित सैनिक रूप से किस प्रकार नत्थी हैं अतः सबसे जरूरी यह है कि इस दिशा विहीन होते पश्चिम एशिया युद्ध को रुकवाने के सभी शान्ति प्रिय देश संयुक्त प्रयास करें। इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर की गई वार्ता का विशेष महत्व है। मोदी ने कुछ दिन पहले ही फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से भी बात की थी और मैक्रों का कहना है कि पहले युद्ध समाप्त होना चाहिए।

## खेती में बड़ा बदलाव

**भारतीय** कृषि हरित क्रांति के बाद से निरंतर परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। वह धीरे-धीरे, लेकिन लगातार बागवानी, पशुपालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और कृषि-वानिकी जैसे उच्च मूल्य वाले और संभावित रूप से अधिक लाभकारी संबद्ध क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है। फसल खेती की तुलना में इन क्षेत्रों की उच्च और तीव्र वृद्धि से यह स्पष्ट रूप से झलकता है। इस वर्ष जारी आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में समाप्त हुए पिछले दशक में फसल क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर मात्र लगभग 3.5 फीसदी रही, जबकि पशुधन क्षेत्र में यह 7.1 फीसदी और मत्स्य पालन में 8.8 फीसदी तक थी। ऐतिहासिक रूप से भी 1960 के दशक से तकनीकी प्रगति के बावजूद फसल उत्पादन की औसत वार्षिक वृद्धि दर केवल 2.0 से 3.5 फीसदी के बीच रही है। दूसरी ओर, कृषि क्षेत्र के उच्च मूल्य वाले खंडों के विस्तार की गति कहीं अधिक प्रभावशाली रही है जो इस दर से दोगुनी से भी ज्यादा है। फसलों के भीतर भी अनाज और अन्य खाद्य एवं गैर-खाद्य फसलों की तुलना में बागवानी कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बागवानी में फल, सब्जियों, फूल और जड़ी-बूटियों जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों की पैदावार होती है। वर्ष 2024-25 में बागवानी उत्पादों का उत्पादन, खाद्यान्न उत्पादन से काफी अधिक रहा। जहां खाद्यान्न उत्पादन का आधिकारिक अनुमान लगभग 33 करोड़ टन है, वहीं बागवानी उत्पादन 36 करोड़ टन से अधिक रहा। इसमें 11.45 करोड़ टन फल और 21.96 करोड़ टन सब्जियां शामिल थीं। इससे भारत फलों और सब्जियों का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 13 फीसदी है। केले, पपीते, आम, अदरक और भिंडी जैसे कई प्रमुख बागवानी उत्पादों के मामले में भारत अग्रणी उत्पादक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कृषि में सकल मूल्य वर्द्धन (जीवीए) में बागवानी उत्पादों का योगदान अब लगभग 33 फीसदी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पशुधन और मत्स्य पालन क्षेत्रों ने फसल क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन किया है, और वह भी सरकार द्वारा कुछ प्रमुख खाद्य फसलों को दी गई वित्तीय और विपणन सहायता के बिना। चावल और गेहूं जैसे मुख्य अनाज, सरकारी एजेंसियों द्वारा लाभकारी कीमतों पर खुली खरीद के कारण लगभग नकदी फसलों में परिवर्तित हो गए हैं, जिनकी कीमतें हर साल नियमित रूप से बढ़ाई जाती हैं। फिर भी, दूध ने मात्रा और मूल्य दोनों के मामले में चावल और गेहूं को पीछे छोड़ते हुए सबसे बड़ी खाद्य वस्तु का दर्जा हासिल कर लिया है। इसका उत्पादन, 2024-25 में 24.8 करोड़ टन होने का अनुमान है, यह चावल के उत्पादन से कहीं अधिक है जिसका शिखर उत्पादन 15 करोड़ टन के आसपास था, और गेहूं के उत्पादन से भी अधिक है जिसने उस साल 11.8 करोड़ टन का रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा, पशुपालन अब फसल खेती को पीछे छोड़ते हुए एक तरह से अधिकांश कृषि परिवारों, विशेषकर लघु एवं सीमांत किसानों की आजीविका का मुख्य आधार बन गया है। फसलों से होने वाली आय मौसमी होती है, जो फसल कटाई और बिक्री के बाद प्राप्त होती है और जलवायु कारकों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जबकि पशुपालन और मत्स्य पालन से होने वाली आय नियमित और स्थिर होती है। इसके अलावा, सूखे या अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण फसलें खराब होने पर भी पशुधन ग्रामीण परिवारों के लिए भोजन और आय का एक विश्वसनीय स्रोत बना रहता है। इसके अलावा फसल खेती और पशुपालन का एक अनूठा सहजीवी संबंध है, जिसमें एक के अपशिष्ट और उप-उत्पाद दूसरे के लिए इनपुट के रूप में कार्य करते हैं। हालांकि, पशुधन और मत्स्य पालन क्षेत्र भी कुछ गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। पशुधन क्षेत्र के लिए चारे और पशु आहार की कमी और उच्च लागत सबसे बड़ी बाधा है, वहीं मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए पैदावार के बाद के प्रबंधन के वास्ते बुनियादी ढांचे का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुमान के अनुसार, हरे चारे की कमी लगभग 30 फीसदी और सूखे चारे की कमी 40 फीसदी है। दूध उत्पादन की लागत का लगभग 70 फीसदी हिस्सा पशु आहार और चारे पर खर्च होता है। इन लाभदायक क्षेत्रों को अपनी पूरी क्षमता से फलने-फूलने में सक्षम बनाने के लिए इन मुद्दों का समग्र और तत्काल समाधान आवश्यक है।

**रामनवमी पर विशेष**

### आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं

## मर्यादा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम

**रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है।**

रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढ़कर लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रेन-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके। श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मर्यादा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मर्यादा का संकट है-राजनीति में मर्यादा नहीं, समाज में मर्यादा नहीं, परिवार में मर्यादा नहीं और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भी मर्यादा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मर्यादा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मर्यादा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मर्यादा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की लड़ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है।

श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज 'रामराज्य' के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं। श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मर्यादाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मर्यादाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीराम हमारे कण-कण में समाये हैं, हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग हैं। श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि एक आदर्श राष्ट्र केवल सेना और अर्थव्यवस्था से नहीं बनता, बल्कि चरित्र से बनता है। यदि नागरिक चरित्रवान होंगे, तो राष्ट्र स्वतः शक्तिशाली होगा। आज राष्ट्र शक्ति का अर्थ केवल सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति माना जाता है, जबकि श्रीराम का जीवन बताता है कि नैतिक शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। रावण के पास अधिक सेना, अधिक धन, अधिक विद्या और अधिक शक्ति थी, फिर भी उसकी हार हुई क्योंकि उसके पास नैतिक शक्ति नहीं थी। यह आज के विश्व के लिये बहुत बड़ा संदेश है। आज जब दुनिया अस्तित्व के संकट, पर्यावरण संकट, युद्ध संकट और



नैतिक संकट से जूझ रही है, तब श्रीराम का जीवन मानवता को संतुलन का संदेश देता है-शक्ति और शांति का संतुलन, अधिकार और कर्तव्य का संतुलन, भोग और त्याग का संतुलन, राज्य और समाज का संतुलन, परिवार और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन। यही संतुलन ही मानव सभ्यता को बचा सकता है। रामनवमी का पर्व हमें केवल पूजा करने का संदेश नहीं देता, बल्कि श्रीराम के जीवन को अपने जीवन, समाज और राष्ट्र की नीति में उतारने का संदेश देता है। यदि विश्व राजनीति श्रीराम की युद्ध नीति से प्रेरणा ले, यदि लोकतंत्र श्रीराम के सुशासन से प्रेरणा ले, यदि परिवार श्रीराम के पारिवारिक मूल्यों से प्रेरणा ले और यदि समाज श्रीराम की समरसता की भावना से प्रेरणा ले, तो एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम केवल मंदिर बनाएं, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर राम का निर्माण करें। जब व्यक्ति के भीतर राम का जन्म होगा, तभी समाज में रामराज्य आएगा। राम केवल इतिहास नहीं हैं, राम केवल आस्था नहीं हैं, राम मानव सभ्यता के नैतिक भविष्य का नाम हैं। यही रामनवमी का वास्तविक संदेश है।

*- लेखक : ललित गर्ग*

**राष्ट्र हित को भी दरकिनार कर रहे विपक्षी दल**

## जिम्मेदारों का गैरजिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार

**आज जब समूची दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है और अमेरिका व ईरान युद्ध के दुष्परिणामों से दुनिया के लगभग सभी देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित हो रहे हैं उस दौर में देश में अराजकता का माहौल बनाये जाने के प्रयासों को किसी भी हालात में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। समझ में नहीं आता कि देश में भय और अराजकता का माहौल बनाने से क्या हासिल हो सकेगा। आज दुनिया के देशों की एक दूसरे पर निर्भरता अधिक बढ़ी है। ऐसे में दुनिया के किसी भी कौने में कोई अप्रिय घटनाएं घटित होती है तो उसका प्रभाव कमोबेस दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ता है।**

जहां तक एलपीजी की बात है तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब एलपीजी कनेक्शन के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता था। सामान्य परिस्थितियों में भी सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों से भी दो चार होना पड़ता था। धरातल पर देखेंगे तो हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज 31.3 मिलियन टन एलपीजी गैस की खपत है।

विरोध के नाम विरोध या सत्ता के लालच में राष्ट्र-हित के नकार का कोई उदाहरण मिल सकता है तो वह हमारे देश में ही मिल सकता है। आज जब समूची दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है और अमेरिका व ईरान युद्ध के दुष्परिणामों से दुनिया के लगभग सभी देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित हो रहे हैं उस दौर में देश में अराजकता का माहौल बनाये जाने के प्रयासों को किसी भी हालात में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। समझ में नहीं आता कि देश में भय और अराजकता का माहौल बनाने से क्या हासिल हो सकेगा। आज दुनिया के देशों की एक दूसरे पर निर्भरता अधिक बढ़ी है। ऐसे में दुनिया के किसी भी कौने में कोई अप्रिय घटनाएं घटित होती है तो उसका प्रभाव कमोबेस दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ता है। सबको मालूम है कि कच्चे तेल और एलपीजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कोई आज की बात नहीं है। यह कोई हमारे देश की ही समस्या हो ऐसा भी नहीं है। बल्कि हार्मुज जलडमरुमध्य से जल यातायात को बाधित होने से यह समस्या और अधिक बढ़ी है। यह भी मालूम है कि ताजिंदगी के लिए किसी भी वस्तु की किसी भी देश द्वारा संग्रहण नहीं किया जा सकता। यदि एलपीजी के हालिया संकट की ही बात की जाये तो होना तो यह चाहिए था कि ऐसे संकट के दौर में पक्ष-विपक्ष एक साथ खड़ा होता और ऐसे हालातों में आमजनता को पेनिक करने के स्थान पर हालात से निपटने में सहभागी बनते तो एक जिम्मेदार पक्ष-विपक्ष या आम नागरिक की बात होती। पर हमने तो हालात ऐसे बना दिए जैसे एलपीजी का अकाल आ गया हो और चारों तरफ आंदोलन-प्रदर्शन के हालात बनाकर जमाखोरों को प्रोत्साहित करने और आमजन में भय का वातावरण बना दिया। जिसके घर में एलपीजी का सिलेंडर था भी वह भी एक और सिलेंडर लाने की दौड़ में लग गया और इससे हालात बनने के स्थान पर बिगड़ने वाले होने लगे। होना तो यह चाहिए था कि विपक्षी भी सरकार के साथ खड़े होकर एक और आम जनता को हालात से निपटने के लिए प्रेरित करते वहीं दूसरी और ऐसे समन्वित प्रयास किये जाते जिससे विदेशों से एलपीजी लाने में आ रही दिक्कतों का हल खोजा जा सकता। गैरजिम्मेदाराना हरकत तो इसी से समझा जा सकता है कि सरकार के प्रयासों से जब एलपीजी के दो जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से आने लगे तो यहां तक कहा जाने लगा कि इन जहाजों पर झण्डा अवश्य भारत का है पर इनमें उपलब्ध एलपीजी तो किसी अन्य देश के लिए है। धरने प्रदर्शन और हालात को बदतर बनाने के प्रयास किसी भी हालत में देशहित या देशवासियों के हित में नहीं कहे जा सकते। भले ही यह समझते हो कि हम देशवासियों के हित में सरकार को घेर रहे हैं। सही मायने में देखा जाए तो यह सरकार को घेरना नहीं अपितु देश के प्रति अपने दायित्वों से हटने और पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना गतिविधि ही कही जानी चाहिए।

यह वही भारत देश है जब लाल बहादुर शास्त्री के समय अन्न संकट आया तो एक आव्हान पर छोटे बड़े सभी ने एक दिन सोमवार का व्रत रखना आरंभ कर दिया। पुरानी पीढ़ी के कुछ लोग आज भी उस आव्हान के चलते आज भी सोमवार का व्रत करते हुए मिल जाएंगे। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 1971 के बांग्लादेश के युद्ध के समय समूचा देश इन्दिरा गांधी के साथ एक स्वर में स्वर मिला रहा था। आज पता नहीं ऐसे हालात कैसे होने लगे हैं कि ऑपरेशन सिन्दूर, सर्जिकल स्ट्राइक या अन्य सैन्य गतिविधियों पर भी प्रश्न उठाये जाने लगे हैं। संभवतः दुनिया के किसी भी देश में इस तरह की बात नहीं होती होगी।

जहां तक एलपीजी की बात है तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब एलपीजी कनेक्शन के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता था। सामान्य परिस्थितियों में भी सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों से भी दो चार होना पड़ता था। धरातल पर देखेंगे तो हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज 31.3 मिलियन टन एलपीजी गैस की खपत है। देश



में 31 करोड़ सक्रिय एलपीजी धरेलू कनेक्शन है। समूचे देश की बात की जाए तो प्रतिदिन ओसतन 50 से 60 लाख एलपीजी सिलेंडर की आवश्यकता होती है। ऐसे में मांग और आपूर्ति बनाये रखना अपने आप में दुष्कर है पर हालिया संकट को अलग कर दिया जाए तो पिछले कुछ सालों से एलपीजी या पेट्रोल आदि को लेकर देश में किसी तरह का संकट देखने को नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हार्मुज जलडमरुमध्य से दो जहाज भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। सरकार द्वारा भारतीय जहाजों को निर्बाध रुप से रास्ता दिलाने के प्रयास जारी हैं। ऐसे हालातों के बावजूद सकारात्मक परिणाम प्राप्त होना बड़ी बात है।

इस संकट के दौर में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे आना देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है। हालात हमारे सामने हैं, सरकार के प्रयास भी हमारे सामने हैं, ऐसे में जमाखोरी और कालाबाजारी को निरुत्साहित करना हम सबका दायित्व होना चाहिए। आवश्यकता नहीं होने पर भी जबरदस्ती सिलेंडर का स्टॉक करने से बचना चाहिए। वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने में सहभागी बनना चाहिए। जब तक हालात सामान्य नहीं होते हैं तब तक जबरदस्ती पेनिक होने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही ऐसे तत्व जो हालात को व्यवस्थित करने के स्थान पर बिगाड़ने व पेनिक करने व जमाखोरी और कालाबाजारी को प्रोत्साहित कर रहे हैं उन्हें बेनकाब करने के लिए आगे आना होगा। ऐसे दौर में हमें एक जुट होना होगा और राष्ट्रहित को ही सर्वोपरी मानना होगा।

*- लेखक : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

**विचार-मंथन**

## वन्यजीव संरक्षण की सच्चाई उजागर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए देश भर में चिड़ियाघर और अभयारण्य बनाए गए हैं। मगर संरक्षित स्थलों पर भी सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त का अभाव कुछ वन्यजीवों की जान पर भारी पड़ रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरत की बात है कि हिरणों को शिकार से बचाने के लिए जिस सुरक्षित स्थल पर रखा गया है, वहां आवारा कुत्तों ने ही सेंध लगाकर हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि कुत्तों का झुंड बाड़े को तोड़कर अंदर घुस गया।

इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी होगी। दूसरे, इस घटना ने संबंधित पशु बचाव केंद्र में तैनात कर्मियों की लापरवाही को भी उजागर किया है। सवाल है कि आवारा कुत्ते बाड़े को तोड़कर एक के बाद एक हिरण पर हमला करते रहे, तो वहां निगरानी का जिम्मा संभाले वनकर्मियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाई।यह बात छिपी नहीं है कि विभिन्न राज्यों में कई जगह चिड़ियाघर और वन्यजीव संरक्षण केंद्र तो स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की गई है और न ही पुख्ता सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बाड़ों के बाहर निगरानी के लिए सीसीटीवी और अन्य तकनीकी प्रबंधों का भी अभाव देखा जाता है। जंगली जानवरों के बाड़े से बाहर निकलकर खुले जंगल में गायब हो जाने की खबरें भी अकसर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि बाड़ों की सुरक्षा की नियमित निगरानी नहीं हो पाती है। छत्तीसगढ़ की घटना भी इसी व्यवस्थागत खामी और लापरवाही की वजह से हुई है। वन विभाग ने संबंधित डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई काफी है? अकसर यह देखा जाता है कि इस तरह की लापरवाही में निचले कर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में जब तक उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।

**रचना**

## गजल

उड़ता हूं ख्वाबों खयालों में,
उलझे सवालों जवाबों में।
ढूंढो न मुझको इन गलियों में,
मैं हूं वफ़ा की मिसालों में।
चेहरा तुम्हारा चमकता है,
अब भी हसीं माहो-सालों में।
दुनिया समझ ही नहीं पाई,
क्या था छिपा उन उजालों में।
कैसे कोई अब हमें लूटे,
घर है हमारा ढलानों में।
भटके न राही कोई 'माणिक',
रोशनी भर दे उजालों में।

*- लेखक : मदन वर्मा माणिक*

**नवरात्रि पर विशेष**

## नवमां दिवस माँ सिद्धिदात्री

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

माँ दुर्गा जी की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। मार्पण्डेयपुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व-ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्त्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खण्ड में यह संख्या अट्ठारह बतायी गयी है। इनके नाम इस प्रकार हैं-


अणिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व-वशित्व, सर्वकामावयायिता, सर्वज्ञत्व, दूरश्रवण, परकायप्रवेशन, वाकसिद्धि, कल्पवृक्षत्व, सृष्टि, संहारकरणसामर्थ्य, अमरत्व, सर्वन्यायकत्व, भावना, सिद्धि।

माँ सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभीसिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वह लोक में 'अर्द्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए। माँ सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में चक्र, बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प है। नवरात्र-पूजन के नवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिये अगम्य नहीं रह जाता। ब्रह्माण्ड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह माँ सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरन्तर प्रयत्न करें उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनन्त दुःख रूप संसार में निर्लिप्त रह कर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। नव दुर्गाओं में सिद्धिदात्री अन्तिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए दुर्गा-पूजा के नवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं। इन सिद्धिदात्री माँ की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों को लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है। लेकिन सिद्धिदात्री माँ के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामनाओं की पूर्ति हो जाती हैं। लेकिन




सिद्धिदात्री माँ की कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से माँ भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरन्तर पान करता हुआ, विषय-भोग-शून्य हो जाता है। माँ भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। इस परम पद को पाने के बाद उसे अन्य किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं रह जाती।

माँ के चरणों का यह सान्निध्य प्राप्त करने के लिये हमें निरन्तर नियम निष्ठ रह कर उनकी उपासना करनी चाहिये। माँ भगवती का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परमशांतिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है।



आप अपनी समस्यायें, विचार, लेख, कविताएं, कहानियां इस पते पर भेजें -समयानुसार प्रकाशित किया जाएगा।
पताः- दैनिक आचरण, रेल्वे स्टेशन के सामने, सागर ई. मेल :- aacharan_sagar@yahoo.com
कृपया अपना मोबाइल नं. अवश्य लिखें।



## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या से चला रामरथ रहली की शोभायात्रा में शामिल होगा



**रहली, आचरण।** चैत्र नवरात्र रामनवमीं का उत्सव रहली नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। जिसमें रामनवमीं पर शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह सौभाग्य का विषय है कि देशाटन पर निकला अयोध्या से चलकर रामरथ (श्री हरि मंदिर रथ) रहली की शोभायात्रा में शामिल होगा। जिसके स्वागत हेतु नगर में व्यापक तैयारी की गई है। शोभायात्रा 27 मार्च दोपहर तीन बजे श्री देव जानकी रमण मंदिर पँढरपुर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए श्री देव हनुमान जी महाराज केले वाले दादा के दरबार में समापन होगी।

### बण्डा विधायक ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, महावीर जयंती पर 30 मार्च को अवकाश घोषित करने की मांग

**बण्डा, आचरण।** महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश की तिथि में परिवर्तन को लेकर बण्डा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 30 मार्च को अवकाश घोषित करने की मांग की है। विधायक द्वारा मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन भोपाल को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में शासन द्वारा महावीर जयंती का अवकाश 31 मार्च 2026 घोषित किया गया था, जबकि पूरे देश में तिथि के अनुसार महावीर जयंती 30 मार्च 2026 को मनाई जा रही है। ऐसे में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अवकाश की तिथि 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च करना अधिक उचित होगा। विधायक ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि मंगलवार 31 मार्च 2026 के स्थान पर सोमवार 30 मार्च 2026 को महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश घोषित किया जाए। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर सागर को भी प्रतिलिपि भेजकर शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर से जारी अधिसूचना में भी महावीर जयंती के अवसर पर 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को अवकाश घोषित करने का उल्लेख किया गया है।

### घरेलू गैस सिलेण्डर पाने के लिए परेशान हो रहे उपभोक्ता

**अशोकनगर, आचरण।** शासन-प्रशासन के तमाम निर्देश एवं एडवायजरी के बाद भी शहर के उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आमतौर पर बुकिंग के दो-तीन दिन में सिलेण्डर की डिलेवरी घर पर ही कर दी जाती थी लेकिन अब स्थिति यह है कि घरेलू गैस सिलेण्डर आठ-दस दिन में भी नहीं मिल पा रहा है जिससे उपभोक्ता सुबह से गोदाम पर पहुंच जाते हैं। जहां उन्हें बताया जाता है कि सिलेण्डर यहां नहीं मिलेगा आप अपने मोहल्ले में पहुंच जाएं वहां पर ही एजेंसी के कर्मचारी डिलेवरी देंगे लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें एजेंसी के कर्मचारी या तो मिलते नहीं हैं या फिर यह कहकर कि आज जितने सिलेण्डर आए थे उनकी डिलेवरी कर दी गई है आप कल ले लेना। जिससे उपभोक्ताओं को समय पर सिलेण्डर नहीं मिल रहे। गैस सिलेण्डर पाने के लिए घर के मुखिया सहित महिलाएं एवं बच्चे भी परेशान हो रहे हैं। शहर में ऐसे कई दृश्य देखे जा सकते हैं जिसमें परिजनों के साथ बच्चे पीछे खाली सिलेण्डर लिए यहां से वहां भटकते हुए देखे जा सकते हैं।

### आठवीं के छात्र अनुवेद चौरसिया ने 97.03 प्रतिशत अंक प्राप्त किये



**जैसीनगर, आचरण।** उत्कर्ष पब्लिक स्कूल जैसीनगर के कक्षा आठवीं के छात्र अनुवेद चौरसिया ने 97.03 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनुवेद की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिजनों में खुशी का माहौल है। माता उर्मिला चौरसिया एवं पिता अमित चौरसिया ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अनुवेद को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने भी छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के संविदा कर्मी बुलेरो चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में

# युवक समेत माता को जल अर्पण करने जा रही दो महिलाओं को कुचला

आचरण संवाददाता

**शाहगढ़।** गुरुवार सुबह 7 बजे शाहगढ़ के अंबेडकर चौराहे के पास भीषण हादसा हुआ। शराब के नशे में धुत कार चला रहे स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मी ने सड़क किनारे साईकिल सुधार रहे युवक को घायल करते हुए नवरात्र पर माता को जल अर्पण करने सड़क किनारे जा रही दो महिलाओं को तेज रफ्तार बुलेरो कार ने कुचल दिया। हादसे में सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है फिलहाल हादसे में घायल हुए 45 सुनील विश्वकर्मा 45 श्रीमति क्रांति पटेल 50 और विमला रैकवार 42 वर्ष इन तीनों घायलों का ईलाज जिला अस्पताल सागर में चल रहा है। जिसमें एक महिला की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई हैं। इस घटना की सोशल मीडिया पर निंदा की जा रही हैं।, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। हादसे के तुरंत बाद, शराब के नशे में कार चला रहे शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के संविदा कर्मी अंकुर शुक्ला को पुलिस ने लापरवाह चालक को हिरासत में पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रत कार एमपी 15 जेडए 3780 को कब्जे में लिया वहीं चालक से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस लापरवाही भरी दुर्घटना को लेकर भारी आक्रोश है। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज किया और घायलों और प्रत्यक्ष दर्शियों से पूछताछ के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।



## रहली-जबलपुर मार्ग पर रेलिंग से टकराई बाइक, दो घायल, एक मृत



आचरण संवाददाता

**रहली।** रहली जबलपुर मार्ग राजवंश के पास रेलिंग से टकराए बाइक सवार, तीन युवक घायल, मौके पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली भेजा। जानकारी के अनुसार टिकीटोरिया क्षेत्र में रहने वाले कैलाश रैकवार और मोहित नाथ, काशल पिपरिया का रहने वाला नीलेश नामदेव तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे राजवंश ग्राम के पास पुल पर लगी रेलिंग से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिस कारण नीलेश नामदेव की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों को रहली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने नीलेश नामदेव को मृत घोषित किया। दोनों घायलों का प्रारंभिक इलाज कर जिला चिकित्सालय सागर भेजा गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक जब्त का मौका नक्शा तैयार किया और मामले की जांच शुरू की है।

## पार्षद राशिद खान चिन्ना को किया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार

आचरण संवाददाता

**अशोकनगर।** बीती 5 मार्च को पार्षद राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं उसके साथी अल्ताफ द्वारा पठार मोहल्ला निवासी गोपाल यादव के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में गोपाल यादव द्वारा 13 मार्च को राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं अल्ताफ खान के विरूद्ध थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला विवेचना में लिया था। 22 मार्च को राशिद खान चिन्ना द्वारा हथियार लेकर फरियादी गोपाल यादव के घर में घुसकर उसे थाने में रिपोर्ट करने पर धमकाया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। जिस पर गोपाल यादव की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में एक और प्रकरण दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली रविप्रताप सिंह चौहान ने उनि आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना की। आरोपी फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता, उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुशवाह, थाना प्रभारी देहात भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी कचनार पूनम सेलर सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने वाले आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।



**सौहार्द्र खराब करने संबंधी पोस्ट की भी पुलिस कर रही जांचः** पुलिस के अनुसार फरारी के दौरान आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना द्वारा सोशल मीडिया पर भीड़ एकत्रित कर विभिन्न समूहों के बीच धार्मिक एवं जाति सौहार्द्र खराब करने संबंधी पोस्ट की गई। उक्त संबंध में गुरुवार को अवतार सुमन निवासी बोहरे कालोनी द्वारा थाना कोतवाली में राशिद उर्फ चिन्ना खान के विरूद्ध एक लेखीय आवेदन दिया गया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## परगासपुरा और तोड़ातरफदार में आग से 7 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक

आचरण संवाददाता

**जैसीनगर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इसी क्रम में जैसीनगर तहसील के ग्राम परगासपुरा और तोड़ातरफदार में गुरुवार को खेतों में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ग्राम तोड़ातरफदार में गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे किसान अभिषेक पटेल के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही आसपास के किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण काबू पाने से पहले ही करीब 3 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, ग्राम परगासपुरा में दोपहर करीब 1 बजे किसान देवेंद्र लोधी के लगभग पौने चार एकड़ खेत में आग लग गई। ग्राम पंचायत परगाशपुरा की सरपंच तखत लोधी के अनुसार, खेत में लगे ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग के चलते आग भड़की। घटना की सूचना हल्का पटवारी को दे दी गई है। सरपंच ने शासन से प्रभावित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है। गौरतलब है कि इस समय क्षेत्र में गेहूं और चना की फसल पककर तैयार खड़ी है। ऐसे में आग की घटनाएं किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं।



## महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न



आचरण संवाददाता

**रहली।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली में शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुशार क्रमशः सोमवार एवं मंगलवार दिनांक 24 एवं 25 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुषमा चौरसिया ने की एवं संचालन डॉ. पवन कुमार शर्मा व डॉ. संगीता जग्गी के द्वारा किया गया वहीं मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के सौजन्य से प्रेरणा एवं लक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन सुश्री नेहा डेहरिया ने किया। सोमवार को जल संरक्षण पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें क्रमशः बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी पटेल और बीए तृतीय वर्ष के छात्र कुणाल अहिरवार अग्रणी रहे। इसी तरह वाद विवाद प्रतियोगिता में क्रमशः पवन कुमार और आशा पटेल उच्च स्थान पर रहे। श्रीमती नेहा जैन, डॉ. मैत्री मोहन बेन एवं श्रीमती राजमणि सोनी शिक्षकों ने जल संवर्धन के उपाय सुझाए। मंगलवार को छात्र-छात्राओं की आगामी वार्षिक परीक्षा एवं पारिवारिक दशाओं से उपजने वाले मानसिक तनाव को दूर करने के लिए प्रेरणा एवं लक्ष्य विषयक एक विमर्श सत्र का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याएं पटल के सम्मुख रखी और शिक्षकों ने उनके समाधान सुझाए। कार्यक्रम समाप्ति पर सत्यम दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## महाराजपुर ब्रिज की दीवारें हो रही कमजोर, हादसे का बढ़ा खतरा

आचरण संवाददाता

**महाराजपुर।** क्षेत्र में हाल ही में बने ब्रिज की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, ब्रिज के दोनों ओर बनी सुरक्षा दीवारें निर्माण के कुछ ही महीनों में कमजोर होकर टूटने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवारों में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं और कई जगहों पर प्लास्टर भी गिर चुका है। इस स्थिति के चलते यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है। लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण इतनी जल्दी दीवारें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। अगर समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जल्द जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही ब्रिज की दीवारों की तुरंत मरम्मत कराई जाये।



### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिलास्तरीय शिविर आयोजित

**अशोकनगर, आचरण।** जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगरपालिका द्वारा जिलास्तरीय शिविर का आयोजन मानस भवन में कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को किया गया। शिविर में कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित किया गया है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 80 हजार से अधिक हितग्राहियों की आवेदनों का निराकरण किया जाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए शासन करती है। जनता के लिए शासन तभी सार्थक होता है जब विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मूलभूत आवश्यकताएं सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही आमजन के कार्य किये जा सकें।

### एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**अशोकनगर, आचरण।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में तारा सदन स्कूल में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान गुरुवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत अपनी पूरी टीम के साथ तारा सदन स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व स्कूल प्राचार्य से समन्वय स्थापित कर सभी किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जिसके बाद व्यवस्थित रूप से एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण से पहले डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा किशोरी बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व लाभ एवं इससे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई, जिससे जागरूकता में वृद्धि हुई। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं को लाभान्वित किया जा सके।

**धर्मसभा** जैन मंदिर रहली में धर्मसभा को आचार्य श्री उदार सागर जी ने संबोधित किया

# दरिद्रता में दान, जवानी में इंद्रिय संयम और क्रोध में क्षमा धारण करना कठिन कार्य है, पर करना चाहिए: आचार्य उदार सागर जी

आचरण संवाददाता

**रहली।** जैन मंदिर रहली में धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री उदारसागर जी ने मनुष्य जीवन की कठिनाई का वर्णन करते हुए श्रावकों से पूछा मनुष्य को स्वभाव में रहना सरल या कठिन है अथवा विभाव में रहना सरल या कठिन है स्वभाव और विभव को समझाते हुए आचार्य श्री ने कहा कि स्वभाव प्रकृति है और विभव प्रवृत्ति है उदाहरण देते हुए कहा स्वभाव में हमेशा रहा जा सकता है किंतु विभाव में अधिक समय तक नहीं रहा जा सकता जैसे शांत स्वभाव हमेशा बनाए रखा जा सकता है परंतु क्रोधी स्वभाव अधिक समय तक बनाए रखना संभव नहीं, क्रोध विभाव है जब आता है तो सारा चेहरा बिगड़ जाता है व्यक्ति दांतों को चबाने लगता है मुंह आंखें लाल हो जाती हैं शरीर कांपने लगता है और मन विचलित हो जाता है गुस्सा की इस अवस्था में अधिक समय तक रहना कठिन है स्वभाव सरल हो तो उसे बहुत समय तक बनाए रखा जा सकता है। एक और उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आग पर कितना ही गर्म पानी क्यों ना हो जाए उसे उतार कर रखना पर वह अपने स्वभाव अर्थात ठंडा होने लगता है क्योंकि पानी की प्रकृति ही ठंडी है मनुष्य को स्वभाव में रहना सरल है अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ता किंतु क्रोध करने और छोड़ने के विभावी स्वभाव में हमेशा नहीं रहा जा सकता क्रोध सभी को समान नहीं होता एक ही व्यक्ति को हर बार एकसा क्रोध आए यह भी गारंटी नहीं उसका बदलना भी स्वभाव है। मनुष्य को क्रोध से बचने का उपाय सदैव करना चाहिए थोड़ा सा प्रयास करें और समझे किस पर क्रोध करें क्रोध मन करता है और सजा शरीर को मिलती है अब क्रोधी को दंडित करना हो तो विचार करो मन को कैसे दंडित करोंगे इस कारण संमता धारण करना ही मन पर विजय पाना है क्रोध आने पर चिंतन करना क्षमा भाव को धारण करना क्रोध पर विजय पाना ही स्वभाव और सुख का कारण है।



क्रोध किसी भी प्रकार का हो वह दुर्गति में ही ले जाने वाला होता है यह निर्णय हमें ही करना होता है क्रोध देखने वाले पर करें या करने वाले पर क्रोध का स्वभाव भी अलग-अलग है अपने से सबल व्यक्ति क्रोध करें तो हम मन को शांत कर लेते हैं और यदि निर्बल क्रोध करें तो उसे दोगुना क्रोध करके प्रताड़ित कर देते हैं शक्तिशाली को कुछ ना कर पाने पर यह समझना की क्षमा कर दिया स्वयं के साथ धोखा है क्षमा भाव तब ही महत्वपूर्ण है जब निर्बल पर की जाए। अंत में आचार्य श्री ने कहा कि जीवन में तीन बातें व्यक्ति के हृदय में उतर जाएं पूरा जीवन सरल हो जाता है दरिद्रता में भी दान देना जवानी में अपनी इंद्रियों पर कंट्रोल करना सबल ताकतवर होने पर भी क्रोध में क्षमा का भाव धारण करना कार्य बहुत कठिन है कर पाना ही मनुष्य धर्म की सफलता है।

## श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ पर निकली भव्य कलश एवं शोभायात्रा



**जैसीनगर, आचरण।** जैसीनगर में पड़रिया फाटक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिवस डीजे, गाजे-बाजे, अखाड़ा दल एवं भजन मंडली की मधुर धुनों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया, जिससे पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कथा व्यास पंडित सत्यम मधुरम जी महाराज ने प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती ज्योति पंकज साहू हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### गर्भाशय में भ्रूण की मृत्यु होने पर महिला की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों की सूझबूझ से महिला सुरक्षित

छतरपुर, आचरण। जिला अस्पताल में एक जानलेवा प्रसूति संबंधी मामले का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया गया, लगातार रक्त स्राव होने से महिला की हालत थी गंभीर, तत्काल ब्लड उपलब्ध कराया गया, महिला सुरक्षित, कलेक्टर ने डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य स्टाफ को दी बधाई। जिला अस्पताल छतरपुर समुचित त्वरित उपचार और डॉक्टरों की सूझबूझ से गर्भवती महिला कृष्णा यादव पति जगत राज यादव निवासी रायपुरा की जान बची है। महिला के गर्भ में ही भ्रूण की मृत्यु हो गई थी। जिससे उसे लगातार रक्त स्राव हो रहा था और हालत बहुत की नाजुक हो गई थी। सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने बताया कि 20 मार्च 2026 को दोपहर में अस्पताल में महिला भर्ती हुई। उनका परीक्षण किया गया। वह गर्भावस्था के तीसरे चरण में थीं, पूर्ण अवधि की गर्भवती थी। जिनमें गर्भाशय में भ्रूण की मृत्यु (आईयूडी) और प्लेसेंटा प्रीविया था। उन्हें अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। उनका रक्त समूह एबी नेगेटिव था, जो प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण चुनौती थी। मगर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एबी नेगेटिव रक्त की 1 यूनिट की व्यवस्था करने के बाद मरीज को तुरंत आपातकालीन एलएससीएस (लॉस-सीजेरियन सेक्शन) के लिए ले जाया गया। आईयूडी से शिशु के जन्म के बाद, मरीज को गंभीर प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) हो गया। गहन प्रबंधन के बावजूद, मरीज की हालत गंभीर बनी रही और उसे तत्काल रक्त आधान की आवश्यकता पड़ी। हालांकि, ब्लड बैंक में एबी नेगेटिव रक्त उपलब्ध न होने के कारण, जीवन रक्षक उपाय के रूप में ओ नेगेटिव रक्त की 2 यूनिट की व्यवस्था की गई और रक्त आधान किया गया।पहले 24 घंटों तक उसकी हालत अत्यंत गंभीर बनी रही, जिसके बाद धीरे-धीरे स्थिति स्थिर होने लगी। इसके बाद, एबी नेगेटिव रक्त की 1 यूनिट की व्यवस्था और की गई और रक्त आधान किया गया।तदोपरांत समय पर हस्तक्षेप और बहु-विषयक प्रबंधन के परिणामस्वरूप, मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और अब वह स्थिर है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने डॉक्टरों, नर्सिंग ऑफिसर एवं समस्त स्वास्थ्य अमले को बधाई दी है।

**हिमांशु चौरसिया ने तत्काल एबी निगेटिव ब्लड डोनेट किया**

महिला एवं उनके परिजनों ने रक्त समूह की व्यवस्था करने में, निरंतर निगरानी और सहयोग के लिए सम्पूर्ण स्वास्थ्य अमले को धन्यवाद दिया है। जिससे उनकी जान बच सकी। उन्होंने डॉ. संजय मौर्य (एनेस्थेटिस्ट), ऑपरेशन थिएटर स्टाफ आभा और हिमांशु चौरसिया जिन्होंने तुरंत एबी नेगेटिव ब्लड दान किया। सभी का आभार जताया।

### गोद ली बेटी ने खोले राज कहा- जमीन विवाद और चाचा पर गंभीर आरोप, मृतक के अंतिम संस्कार पर गहराया विवाद

विकास पाण्डेय, लवकुशनगर। गौरिहार अंतर्गत प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम बदौराकला में सामने आए एक संवेदनशील मामले ने नया मोड़ ले लिया है। जहां एक ओर भतीजे द्वारा अपने चाचा की मौत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मृतक की गोद ली हुई बेटी ने सामने आकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिससे पूरे मामले की दिशा बदलती नजर आ रही है।जानकारी के अनुसार, मृतक राजदेव खंगार ने कई साल पहले एक बेटी को गोद लिया था, जो अब उनके साथ ही गांव में रह रही थी। बेटी का स्पष्ट आरोप है कि उसके चाचा (सुनील खंगार) की नजर शुरू से ही उसके पिता की जमीन पर थी। उसने यह भी कहा कि उसके पिता बीमारी से ग्रसित थे और उनकी मौत स्वाभाविक परिस्थितियों में हुई है, न कि किसी साजिश के तहत।बेटी ने एक वायरल वीडियो में बताया कि उसके चाचा उसे बार-बार दिल्ली चलने के लिए दबाव बना रहे थे, जबकि उसके पिता ने उसे गांव में ही रहने की हिदायत दी थी। उसने आशंका जताई कि यह पूरा विवाद जमीन हथियाने की नीयत से खड़ा किया जा रहा है।गंभीर आरोप यह है कि मृतक के अंतिम संस्कार को लेकर भी परिवार में विवाद रहा। बेटी का कहना है कि उसके पिता का अंतिम संस्कार उसकी जानकारी में किया गया, जबकि भतीजे द्वारा इसे जबरन दफनाने की बात गढ़ी जा रही है जबकि उसके चाचा ने ही उसे दफनाया है और हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया। गांव के कुछ लोगों द्वारा शव दफनाने की बात को भी गलत बताया है।पुलिस प्रशासन की भूमिका को लेकर भी स्पष्टता सामने आई है। थाना स्तर पर की गई प्रारंभिक जांच में ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है जिससे यह सिद्ध हो कि पुलिस ने मामले को दबाने या किसी के साथ मिलीभगत की हो। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आवेदन को गंभीरता से लिया है और तथ्यों के आधार पर जांच प्रक्रिया जारी है। थाना प्रभारी पर लगाए गए आरोप–जैसे आवेदन फेंकना, धमकाना या रिपोर्ट दर्ज न करना–को भी पुलिस सूत्रों ने निराधार और भ्रामक बताया है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे आरोप अक्सर दबाव बनाने या जांच को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगाए जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, मामला पूरी तरह पारिवारिक और जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है।प्रशासन का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई, जैसे शव उत्खनन और पोस्टमार्टम, भी न्यायिक प्रक्रिया के तहत कराई जा सकती है। लेकिन फिलहाल उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अहम बात यह है कि एक ओर जहां भतीजा हत्या और साजिश के आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर मृतक की गोद ली बेटी अपने चाचा पर ही गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ऐसे में पुलिस की निष्पक्ष जांच ही सच्चाई सामने ला सकती है। अब इस मामले में बात मृतक के भाई-भतीजे की सही है या उस बेटी और साथ खड़े गांव वालों की, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

### नवविवाहिता की मौत से पूरे इलाके में फैली सनसनी

छतरपुर, आचरण। कोतवाली थाना क्षेत्र के तमराई मोहल्ला में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतिका अंजना अनुरागी (26 वर्ष) की शादी 1 मई 2025 को देव उर्फ शिवा ताम्रकार के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।परिवार के अनुसार पिछले तीन-चार महीनों से अंजना से लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। मृतिका की मां ने बताया कि ससुराल वाले 20 लाख रुपये की दहेज राशि की मांग कर रहे थे। इस कारण अंजना छुप-छुपकर मायके वालों से बात करती थी। जब वह फोन पर बात करती, तो ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट की जाती थी और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं।घटना की शाम करीब 5 बजे परिजनों को अचानक सूचना मिली कि अंजना की मौत हो गई है। जब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अंजना के गले पर नाखून के निशान थे और उसका चेहरा नीला पड़ा हुआ था। परिजन इसे हत्या करार देते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मृतिका के परिवार ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जहरीले कीड़े के काट से बालक की मौत

छतरपुर, आचरण। जिले में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें जहरीले कीड़े के काटने से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक बालक महेंद्र कुशवाहा पुत्र कैलाश कुशवाहा, निवासी ग्राम बाहरपुरा थाना बमीठा है।बुधवार दोपहर करीब 3 बजे महेंद्र अपने खेत पर खेल रहा था, तभी अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। बच्चे ने तुरंत घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन घबराकर उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया। परिजन तुरंत बच्चे को लेकर ग्वालियर के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत और अधिक खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया।परिजनों ने तुरंत बच्चे को वापस जिला अस्पताल ले जाकर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कलेक्टर ने पशु चारा एवं भूसे के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

छतरपुर, आचरण। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका तथा पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा की आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से पशु चारे एवं भूसे के निर्यात को प्रतिबंधित किया है। आगामी 10 जून 2026 तक जिले की सीमावर्ती जिलों में निर्यात पर प्रतिबंध रहेगा।जिला दंडाधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर जारी किए गए आदेश में उल्लेखित है कि प्रतिबंध अवधि में पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, घास-भूसा, कड़वी (ज्वार के डंठल), पैरा (धान के डंठल) इत्यादि का छतरपुर जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों में परिवहन एवं निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू रहेगा।

## बुंदेलखंड का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन

# श्री रामनवमी पर्व आज मुख्यालय पर मनाया जाएगा, भव्य शोभायात्रा

आचरण संवाददाता

छतरपुर। बुंदेलखंड का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन श्री रामनवमी पर आज छतरपुर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। गल्लामंडी स्थित रामलीला मैदान में रामजन्म की लीला का मंचन होने के बाद दोपहर 12 बजे श्रीराम की भव्य शोभायात्रा शुरू होगी।मीडिया प्रभारी अभिलेख खरे ने बताया कि शोभायात्रा में सभी समाजों की झांकियां, ढोल-बैंड, घोड़े, बग्घियां और पारंपरिक वाद्य यंत्र शामिल होंगे। बग्घियों में भगवान श्रीराम के विभिन्न स्वरूप विराजमान रहेंगे। शोभायात्रा की शुरुआत भगवान गजानन की झांकी से होगी। इसके अलावा अन्य आकर्षक झांकियां भी पूरे मार्ग में भक्तों का ध्यान खींचेंगी। जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस बार शोभायात्रा में विशेष सजावट की गई है और पुरानी विधाओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि रामनवमी की इस भव्य शोभायात्रा में दो हजार बेटियां हिस्सा लेंगी। इन बेटियों को विभिन्न कलाओं का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जो शोभायात्रा में एक अलग छटा बिखेरेंगी। प्रताप नवयुवक संघ के प्रदीप सेन ने कहा



कि बेटियों का यह समूह शोभायात्रा को और भी आकर्षक बनाएगा।

**प्रभातफेरी को न्यायाधीशों ने ध्वज दिखाकर किया रवाना**

रामनवमीं की शोभायात्रा के पूर्व शहर में प्रातः निकलनी वाली प्रभात फेरी में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजेश देवलिया विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विष्णु सोलंकी डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार वीरेंद्र सिंह चढ़ार अधिवक्ता संघ छतरपुर के अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह प्रभातफेरी शहर के सभी हिस्सों में जाकर लोगों से रामनवमीं की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे रही है।

**समिति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया सहित अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन को एक ज्ञापन सौंपते हुए शोभायात्रा के दौरान शरारती तत्वों पर नजर रखने, ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाही करने की मांग की है। समिति के कार्यक्रम संयोजक पंकज पहारिया ने बताया कि समिति द्वारा किसी भी व्यक्ति को ऐसी कोई सहमति जारी नहीं की गई है जिससे ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे आदि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन अथवा मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन किया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि कोई डीजे संचालक नियमों का उल्लंघन करता है तो श्रीराम सेवा समिति उत्तरदायी नहीं मानी जाएगी। प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाही कर सकता है।

# नगर में फैले कचरे से लोग परेशान, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

प्रदीप खटीक

पृथ्वीपुर, आचरण। पृथ्वीपुर नगर में जगह जगह कचरा फैला हुआ है। समय पर साफ सफाई न होने से कई जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। एवं गंदगी फैल रही है । जिस कारण लोगों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। नगर परिषद कर्मचारी अधिकारी को समस्या से अवगत कराने के बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया जाता। नगरवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सफाई कर्मचारी समय पर नहीं आते और कचरा उठाने की व्यवस्था भी लापरवाह बनी हुई है।

ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड नं 05 से सामने आया है जहां पर नाली में भरा कचरा सफाई कर्मियों द्वारा बाहर निकालकर रख दिया गया। परंतु उस कचरे को भरकर यथा स्थान फेंका नहीं गया। यही कचरा सूखने पर पूरे दिन बाजार जाने वाले रास्ते पर फैलता रहा। कचरे को उठवाने के लिए जब सफाई प्रभारी नाथूराम रैकवार से दोपहर करीबन 1:30 बजे संपर्क किया गया और कहा कि नाली का गंदा कचरा आम रास्ते पर फैल रहा है। प्रभारी द्वारा जबाव दिया गया कि पड़ा रहने दो कल उठाया जाएगा।

जिसके बाद नगर परिषद अधिकारी महमूद हसन के नंबर पर भी उक्त कचरे की फोटो भेजी गई और



बताया गया कि नवरात्रि का धार्मिक त्यौहार चल रहा है आज अष्टमी है और कल नवमी हैं जबकि नवरात्रि के यह दो दिन बहुत खास माने जाते हैं ऐसे में मुख्य रास्ते में गंदा कचरा फैले रहना ठीक नहीं है। इसी रास्ते से महिलाओं एवं आमजन का बाजार जाना एवं मंदिर जाना होता है वहीं इन दो दिनों में नगर की कन्या नगर भोज के लिए निकलती हैं महिलाओं का पूजा के लिए घर से निकलना होता हैं। ऐसे में कन्याओं का कन्या भोज के लिए रास्ते से निकलना और महिलाओं का पूजा के लिए फैले कचरे में से निकलना बहुत मुश्किल खड़ी कर सकता है परंतु पूरा दिन निकलने के बाद भी एवं खबर लिखे जाने तक नगर परिषद अधिकारी महमूद हसन एवं कर्मचारियों ने इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर लोगों को उसी कचरे के ऊपर से निकलना पड़ा।

बता दें कि पिछले दिनों नगर परिषद द्वारा स्थानीय स्तर पर संकल्प से समाधान कार्यक्रम में समस्या का तुरंत समाधान की बात की कही गई परंतु नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी शासन द्वारा जनहित में चलाए जा रहे इस अभियान संकल्प से समाधान को बेअसर करते हुए नजर आ रहे हैं जब नगर में फैले कचरे को समय पर साफ नहीं किया गया तो लोगो की समस्या का तुरंत समाधान करना नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारीयो के लिए कैसे संभव होगा। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और नियमित रूप से कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

### जनअभियान परिषद द्वारा जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का आयोजन

छतरपुर, आचरण। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न नवाचार एवं गतिविधियां की जा रहीं है। अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का आयोजन लवकुशनगर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा किया गया। ग्राम पुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की मंशानुरूप विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनमें प्रभातफेरी, कलश यात्रा, कुआ पूजन, वृक्ष पूजन, मानस पाठ, भजन संध्या, देवीगीत एवं संकीर्तन शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संचय के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कलश यात्रा के दौरान ग्रामवासियों ने जल संरक्षण के संदेश के साथ नारे लगाए। साथ ही चंदेलकालीन प्राचीन कुएं एवं वट वृक्ष का विधिवत पूजन किया गया। नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रीय परंपराओं के अनुरूप रात्रि जागरण एवं देवीगीत का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्राम की मातृशक्ति एवं पुरुषों की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति, नवयुवक एवं बच्चे उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था के उपाध्यक्ष सुशील कुमार द्विवेदी, सचिव शैलेंद्र दीक्षित, समिति सदस्य एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही : मुख्य सचिव

निवाड़ी, आचरण। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रदेश से ड्रग्स माफियाओं का नेटवर्क पूर्णतः समाप्त होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में ड्रग्स का कारोबार करने वाले अपराधियों को चिन्हित करें और उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अत्याचार पीडितों और पक्षकारों को मिलने वाली राहत राशि का भुगतान सहजता से समय पर सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव अनुराग जैन आज कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को साइबर कानून के संबंध में जागरूक करने की आवश्यकता है। इस दिशा में प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक लोगों को जागरूक करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेजी से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण समय सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए।उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि नामांकन, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय पर निराकरण करना राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन सभी राजस्व अधिकारी और कलेक्टर्स निष्ठापूर्वक करें।

**बैठक** — कलेक्टर ने मातृत्व स्वास्थ्य की समीक्षा कर दिए निर्देश, टीकाकरण में यूविन पर शतप्रतिशत एंट्री कराने के निर्देश

# ग्रामीण स्तर पर अमले को मोबिलाइज़ कर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन कराएं : कलेक्टर

आचरण संवाददाता

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉ. आर.पी गुप्ता, डीपीएम एनएचएम राजेन्द्र खरे सहित बीएमओ, बीपीएम एवं बीसीएम उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर स्कूलों, आंगनवाड़ि?ं में विभागीय अमले को मोबिलाइज़ कर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन प्राथमिकता से कराएं एवं हर वीएचएनडी पर मंगलवार को वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने नौगांव, राजनगर एवं बड़ामलहरा के ब्लॉक में विशेषरूप से अप्रसन्नता व्यक्त की और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों को एएनसी पंजीयन की अनमोल पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल से डाटा लेकर पोर्टल पर एंट्री करवाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की समग्र की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद सीईओ से निरंतर संपर्क कर निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य के पैरामीटर्स की समीक्षा करते हुए मोडरेट एवं सीवियर एनीमिया की पहचान एवं मैनेजमेंट बढ़ाने के निर्देश दिए। मैनेजमेंट में आयरन, सुक्रोज एवं एफसीएम स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं को दिलाएं। साथ ही 4 और अधिक एएनसी जांच की एएनएम की सबसे कम एंट्री वाले डाटा को निकाल कर एक सप्ताह में समस्त



एंट्री करवाएं।

**18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं की अगर डिलीवरी हुई हो तो संबंधित से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश**

कलेक्टर ने डीपीओ को निर्देश दिए कि बीएमओ से डाटा एकत्रित कर 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं की अगर डिलीवरी हुई है तो इसके संबंध में सीडीपीओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से स्पष्टीकरण लें। उन्होने एचबीएनसी चेकअप के लिए आशाओं को घर-घर अनवार्य रूप से 4 विजिट करने के निर्देश दिए। इसकी समीक्षा समय-समय पर बीसीएम एवं बीएमओ करते रहेंगे। बर्थ वेटिंग एरिया में गर्भवती महिलाएं जो हाई रिस्क हैं उन सभी को प्रसव के पूर्व बुलाकर वेटिंग एरिया में रखें ताकि उनका प्रसव सुरक्षित हो इसकी लिस्ट बनवाकर आशाओं के द्वारा हितग्राहियों को बुलवाकर अपने-अपने अस्पताल में रखना सुनिश्चित करें। एसएनसीयू की समीक्षा के दौरान पाया कि लगभग 10 प्रतिशत पर था जो कम होकर वर्तमान वर्ष में 6.9 प्रतिशत पर आया है। जिसको लेकर कलेक्टर ने टीम को बधाई दी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 48 घण्टे के अन्दर बच्चों के टीकाकरण की शतप्रतिशत एंट्री यू विन पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आंगे भी एंट्री शून्य न रहे। शिशु-मृत्यु की समीक्षा करते हुए कहा गया कि वर्बल टोप्सी कंप्लीट करवाए जिस विकासखंड में कम है उन्हें नोटिस दिया जाए। एनसीडी स्क्रीनिंग में लवकुशनगर की सबसे कम एंट्री होने पर बीएमओ को निर्देश दिए गए कि वह एक सप्ताह में एंट्री करवाना सुनिश्चित करें।

**टीबी मुक्त अभियान में एक-एक महीने के प्लान पर कार्य करने के निर्देश**

टीबी मुक्त अभियान 24 मार्च से 100 दिन की कार्य योजना पर कार्य करेगा। जिसमें टारगेट निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर ने जिला क्षय अधिकारी को एक-एक महीने का प्लान बनाकर उसके अचीवमेंट पर ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए।

**कलेक्टर की स्वास्थ्य पैरामीटर्स में सख्ती, कार्य में कम प्रगति होने पर एक साथ कई बीएमओ, डॉक्टरो की वेतन काटने के निर्देश**

अनमोल पोर्टल पर एएनसी चेकअप में खराब प्रगति पर बक्सवाहा बीएमओ की वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र आईडी की समस्याओं के निराकृत न करने पर छतरपुर शहरी एपीएम को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए गए। मोडरेट एनिमियां मेनेजमेंट में खराब प्रगति पर लवकुशनगर बीएमओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने, बिजावर बीएमओ को शोकॉज, बड़ामलहरा बीपीएम की 3 दिवस की वेतन काटने एवं सीवियर एनिमिया में खराब मेनेजमेंट में बड़ामलहरा बीसीएम की 3 दिवस की वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।


### टीकमगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता, 1.5 लाख की चोरी का पर्दाफाश



टीकमगढ़,आचरण। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में शीघ्रता से आरोपियों की गिरफ्तारी कर चोरी गए मशरूका की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। इन्हीं निर्देशों के क्रम में थाना देहात क्षेत्र में घटित चोरी की घटना का पुलिस द्वारा त्वरित एवं सफल खुलासा किया गया है।

घटना का विवरण - थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक बजाज मोटरसाइकिल शोरूम में दिनांक 22-23 मार्च 2026 की मध्य रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा कैश काउंटर का दराज तोड़कर 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रुपये) की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में फरियादी कुलदीप टिकरिया निवासी छतरपुर की रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 91/2026 धारा 331(4), 305(˙) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) टीकमगढ़ के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली, देहात, बड़ागांव की 03 विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर लगातार प्रयास किए गए। विवेचना के दौरान आरोपी आशीष यादव पिता रमेश यादव निवासी बड़ागांव खुर्द, जिला टीकमगढ़ को ग्राम पहाड़ीखुर्द से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया, जिसके पश्चात उसके कब्जे से चोरी गई 1,50,000/- की नगद राशि बरामद की गई। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक मनोज दुबे, सउनि गोटीराम, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, रामरतन पटसारिया, विकास मिश्रा, आरक्षक मनोज नायक, मुकेश, अरवाज अली एवं महिला आरक्षक उमा गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

### दक्षिण कोरिया में भारतीय निर्वाचन प्रतिनिधिमंडल ने किया चुनाव प्रणाली का अध्ययन



टीकमगढ़,आचरण। भारत निर्वाचन आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया देश की यात्रा के दौरान वहां की चुनावी व्यवस्था का अध्ययन किया। भारत से गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आरपीएस जादोन ने किया तथा उनके साथ विवेक श्रोत्रिय, सुरभी तिवारी तथा वीरेन्द्र कटारे शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय चुनाव आयोग की मुख्य योजना एवं समन्वय अधिकारी मिस्र ओक तथा उनकी टीम के साथ बैठक कर दक्षिण कोरिया देश की निर्वाचन पद्धति, प्रबंधन एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के चुनावी अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ और दक्षिण कोरिया के निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं- प्रोपोर्शनेट मत पद्धति, अर्ली वोटिंग, डिजिटल वोट शॉर्टिंग सिस्टम आदि प्रयोगों का समग्रता से अध्यन किया गया।

### अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित



टीकमगढ़,आचरण। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत नगरीय निकायों में स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा एवं निगरानी हेतु जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर टीकमगढ़ विधायक पीए वीरेन्द्र सिंह परमार, खरगापुर विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र मिश्रा, टीकमगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक, बल्देवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, जतारा नगर परिषद अध्यक्ष पीओडूडा ओमपाल सिंह भदौरिया, नगर परिषद कारी, बड़ागांव, खरगापुर, लिधौरा तथा पलेरा अध्यक्ष, नगर परिषद सीएमओ, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में अमृत 2.0 के विस्तृत परियोजना हेतु टीकमगढ़ जिले की नगरीय निकायों की योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्याओं के निराकरण एवं सुझावों आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में जलावर्धन योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में पीपीटी के माध्यम से अमृत योजना 2.0 योजना अंतर्गत जिले में चल रहे 19 कार्य जिसमें टीकमगढ़ नगर पालिका परिषद में शहरी पेजयल, अम्रत 2.0 योजना अंतर्गत महेन्द्र सागर तालाब के जीर्णोद्धार, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत महेन्द्र सागर तालाब वार्ड क्र. 5 के पास हरित स्थानों का विकास, कारी नगर परिषद में अमृत योजना 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रिजुवनेशन तथा पार्क निर्माण कार्य, बड़ागांव धसान में पार्क निर्माण कार्य तथा वाटर वॉडीज पोखना तालाब रेजुवनेशन कार्य, बल्देवगढ़ में पानी की टंकी एवं विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन कार्य, ग्वाल सागर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य तथा पार्क निर्माण कार्य, खरगापुर पार्क निर्माण कार्य तथा निर्भय सागर तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य, पलेरा पेजयल योजना, वार्ड क्र. 14 में पार्क निर्माण तथा गजाधर तालाब का कायाकल्प, सौंदर्यीकरण, जतारा में वाटर वाडी तथा पार्क निर्माण कार्य, लिधौरा में वार्ड क्र. 4 में गोयरातालाब के पास पार्क एवं सौन्दर्यीकरण कार्य की समीक्षा की गई तथा प्रगति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये।

### कलेक्टर ने खेत में नरवाई, पराली में आग लगाई जाने पर लगाया प्रतिबंध

टीकमगढ़,आचरण। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने सार्वजनिक संपत्ति, आमजन की सुरक्षा, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों (नरवाई, पराली) में आग लगाई जाने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशानुसार प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को व्यक्ति, अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत धारा व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मध्यप्रदेश में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन से नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड (पर्यावरण क्षति-पूर्ति राशि) अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वन विद्यालय में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित

**शिवपुरी।** वन विद्यालय शिवपुरी में प्रशिक्षणार्थियों के मध्य एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता के सामूहिक गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान का परिचय मास्टर ट्रेनर अभय कुमार जैन द्वारा दिया गया। इसके पश्चात झगड़ा क्यों होते हैं विषय पर मास्टर ट्रेनर रिजवाना खान द्वारा प्रतिभागियों से रोल प्ले के माध्यम से गतिविधियां कराई गई, जिसमें शांत समय के महत्व को रेखांकित किया गया। मास्टर ट्रेनर प्रेम प्रकाश सिरोलिया द्वारा प्रतिभागियों के साथ संवाद कर विवाद के कारणों पर चर्चा की गई तथा अल्पविराम के माध्यम से दृष्टिकोण में परिवर्तन के महत्व को समझाया गया। इस दौरान 6 एवं 9 के उदाहरण के माध्यम से विभिन्न दृष्टिकोणों को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला का समापन तोरा मन दर्पण कहलाए गीत के साथ किया गया।

### नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई, प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान जारी



शिवपुरी। जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन में कृषि विभाग एवं सहायक कृषि यंत्री कार्यालय द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विभाग के मैदानी अमले एवं अधिकारियों द्वारा पूर्व वर्षों में नरवाई जलाने की घटनाओं वाले ग्रामों में नियमित रूप से सभाएं, चौपाल एवं बैठकों का आयोजन कर कृषकों को जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान एवं कृषि पर इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। कृषकों को अवगत कराया जा रहा है कि नरवाई जलाने की स्थिति में संबंधित कृषकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने एवं इस पर पूर्ण नियंत्रण हेतु समाचार पत्रों, मोबाइल संदेशों, फ्लेक्स बैनर एवं पेम्पलेट्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष शिवपुरी को नरवाई विहीन जिला बनाने के लक्ष्य के साथ प्रभावी कार्यवाही एवं जनसहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

### शराब पीने के लिए पैसे ना देने पर मारपीट कर दी धमकी

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में रहने वाले ग्रामीण ने जब विपक्षी को शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए, तो उसने अपने पत्नी और पुत्र के साथ मिलकर ग्रामीण को दबोच पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा पाली के रेंज चौराहे पर रहने वाले नरेंद्र पुत्र गोकुल पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका भाई पुष्पेंद्र पेट्रोल पंप के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान उसके ही मोहल्ले में रहने वाले विपक्षी भरत पुत्र लखन ने उसके भाई से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। ज़ब उसके भाई ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए, तब दबंग विपक्षी ने अपने पुत्र राहुल और अपनी पत्नी गोरा के साथ मिलकर उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना पाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### पैर फिसल कर कुएं में गिरने से पानी में डूब कर किशोर की हुई मौत

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककडारी में एक 12 वर्षीय किशोर के कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। हालांकि उसके परिजनों द्वारा उसे तत्काल कुएं से निकलकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरी परीक्षण के दौरान किशोर को मृतक घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ककरी गांव में रहने वाला 12 वर्षीय सोहेल पुत्र प्रमोद राजा अपने पिता के साथ अपने खेत पर गया हुआ था। जब पिता खेती किसानी के काम में जुट गया, तभी दोपहर के समय वह कुएं के पास पहुंचा और मुंडेर पर पैर फिसलने के कारण कुएं में गिर गया। जब काफी देर तक ग्रामीण का पुत्र से दिखाई नहीं दिया, तो उसने वहां काफी खोजबीन की। करीब दो घंटे की खोजबीन के बाद जब उसने कुएं में झांक कर देखा, तो उसे एहसास हुआ कि हो ना हो उसका पुत्र कुएं में गिर गया हो। उसने आसपास के लोगों को बुलाकर उनकी मदद से कुएं में उतरकर जब अपने पुत्र की खोजबीन की, तो वह बेहोशी की अवस्था में कुएं में मिला। इसके बाद उसे कुएं से निकलकर तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर की परीक्षण के दौरान किशोर को मृतक घोषित कर दिया गया। ग्रामीण के पुत्र की हुई मौत से उसके परिवार में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

#### लोग बड़ी-बड़ी केन लेकर डीजल-पट्रोल लेने के लिए उमड़े

## पेट्रोल की कमी की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर लगी लोगों की कतारें

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** वर्तमान समय में अमेरिका इजरायल और ईरान सहित तमाम खाड़ी देशों में युद्ध चल रहा है, जिसका असर समूचे संसार पर देखा जा सकता है। क्योंकि डीजल पेट्रोल सहित तमाम जरूरत की चीजों की कमी होने की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा संसद में दिए गए भाषण ने भी लोगों के मन में डर की स्थिति पैदा कर दी है, जिस कारण स्थिति कब भयाभय हो जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री के भाषण के बाद अब स्थिति बिगड़ने की भी आशंका उत्पन्न हो गई है क्योंकि जनपद सहित तमाम शहरों में डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की कमी की आशंका के चलते लोगों की लंबी-लंबी लाइन देखी जा रही हैं। हालांकि कई स्थानों पर डीजल पेट्रोल और रसोई गैस मिलने में काफी परेशानी हो रही है। लेकिन जनपद ललितपुर में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। इसके वावजूद जनपद के तमाम पेट्रोल पंपों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर बने हुए पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ लगातार देखी जा रही है जिससे अफरा-तफरी माहौल भी बना हुआ है। हालांकि जिलाधिकारी ने दो दिन पूर्व जनपद वासियों को पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर चिंता न करने के लिए आवाहन भी किया था लेकिन जिलाधिकारी की अपील का जनपद वासियों पर कोई असर नहीं पड़ा और पेट्रोल पंपों तथा गैस सिलेंडरों के लिए अब लंबी-लंबी लाइन भी लगने लगी हैं। अमेरिका इजरायल और ईरान सहित तमाम खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच जैसे ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पूर्व संसद में यह भाषण दिया, जिसमें प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि हम सभी भारतवासी एक जुटता से कोरोना जैसी परेशानियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें एक बार पुनः इस तरह तैयार रहने की आवश्यकता है, जिस तरह कोरोना काल में हुए थे। धीरज, शांति और संयम के साथ अब हमें हर चुनौतियों का सामना करना है। जैसे ही प्रधानमंत्री का यह भाषण न्यूज़ चैनलों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही लोगों में यह आशंका पनप उठी, कि हो सकता है कोरोना कला जैसा लॉकडाउन एक बार फिर देश में लग जाएगा, तब बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जब प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को लेकर लोगों में कानाफूसी हुई, तब यह आशंका भी जताई गई कि जिस तरह प्रधानमंत्री की बात कर रहे हैं उसे ऐसा लग रहा है कि देश में एक बार फिर लॉकडाउन लग सकता है और बड़ी परेशानियां पैदा हो सकती है। बस फिर क्या था लोग अपने-अपने जरूरत ही की चीजों को इकट्ठा करने में जुट गये। इस दौरान देखा गया कि गैस संकट बरकरार है देश के कई शहरों में गैस नहीं मिल रही, हालांकि जनपद ललितपुर में ऐसी कोई परेशानी नहीं है। लेकिन शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार यहां के लोगों को पर्याप्त मात्रा में गैस की उपलब्धता बताई जा रही है और मिल भी रही है। लोगों ने लॉकडाउन की आशंका के चलते अब पेट्रोल पंपों पर कतार लगना शुरू कर दी। लोग बड़ी-बड़ी कैन टंकी और मोटरसाइकिल के साथ-साथ अपने-अपने वह वहां लेकर आ रहे हैं, जिनमें उन्हें डीजल पेट्रोल लेकर जाना है और अपने घर स्टॉक रखना है।

### चैत्र नवरात्रि समापन पर एसपी ने किया सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

आचरण संवाददाता

**कटनी।** चैत्र नवरात्र रामनवमी समापन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस कप्तान डॉ संतोष डेहरिया एवं सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया सहित पुलिस अधिकारियों द्वारा जुलूस मार्गों,पूजा स्थलों एवं विसर्जन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न मार्गों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पूजा समितियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा जुलूस मार्ग में अवरोध हटाने, विद्युत तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर करने, वॉलिंटियर तैनात करने एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने एवं दुकानदारों को नियमों का पालन करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसी दौरान मां जालपा मढ़िया जवारा विसर्जन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती,भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन सहायता संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।संवेदनशील स्थलों की पहचान कर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, आपसी भाईचारा बनाए रखें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस विभाग अथवा जिला प्रशासन को दें।
पुलिस द्वारा सभी से सहयोग की अपील करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया गया है।

**नदी की जल कुम्भी सफाई का कार्य तेजी से जारीः कटनी।** स्थानीय प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ कटाए घाट में नदी की सफाई से किया गया जो कि निरंतर जाती है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा अभियान के तहत कटाए घाट सहित नदी के किनारों से लेकर बीच धारा तक जमी गाद, जलकुंभी,कचरा एवं अवांछित पदार्थों को हटाकर कटाए घाट नदी को स्वच्छ बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। नदी सफाई कार्य में लगे श्रमिकों के माध्यम से नदी के पूरे फैलाव क्षेत्र में जल कुम्भी की साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है यह कार्य अभियान के दौरान निरंतर संचालित रहेगा जिससे सफाई बनी रहे।

### किराए पर दिया कमरा खाली कराने की रंजिश में की गई मारपीट

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला रामनगर में किराए पर दिया हुआ कमरा खाली कराने की रंजिश में मकान मालिक के साथ दबंग विपक्षियों ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर के मोहल्ला रामनगर गल्ला मंडी के पीछे रहने वाले अर्जुन पुत्र साधुराम कुशवाहा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह मोहल्ले में ही एक दुकान पर गुटका लेने के लिए गया हुआ था, इस दौरान वहां मौजूद विपक्षी राजा पुत्र संतोष उसका भाई मनोज के साथ टेढ़ी पुत्र शिवचरन एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लाठी डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर उसे बचाने के लिए आए, तो विपक्षियों ने उसे भी नहीं बख्शा। बताया गया है कि पीड़ित ने अपने मकान का दिया हुआ कमरा विपक्षियों से खाली कराया था, इसीलिए वह उससे रंजिश रखते हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## बांध में मछली पकड़ने गये मछुआरे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से मचा हड़कंप

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे का एक मछुआरा रोहणी बांध में मछली पकड़ने के लिए गया था और उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। जब उसकी खोजबीन की गई तो, उसका शव रोहिणी बांध में उतराता हुआ पाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। लोगों ने पैर फिसलकर गिरने की आशंका जताई है, लेकिन मृतक के नाक और मुंह पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। जानकारी के अनुसार मड़ावरा कस्ब निवासी 27 वर्षीय रेशु पुत्र बाबूलाल बुधवार शाम करीब 4 बजे मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था और उसके वह घर वापिस नहीं आया। ज़ब रेशु के रात भर घर न लौटने पर परिजन चिंतित थे। तो उन्होंने गुरुवार को उसकी खोजबीन प्रारंभ की, तो सुबह उसका शव रोहिणी बांध में उतराता हुआ मिला। परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और मड़ावरा पुलिस को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को बांध से बाहर निकाला गया। मृतक की नाक और चेहरे पर घाव के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा बताया गया है कि मृतक रेशु अपने दो भाइयों में छोटा था और लगभग 5 साल पहले उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से रेशु अक्सर अपनी बहनों के ससुराल में रहकर मजदूरी करता था। वह कुछ दिन पहले ही अपने घर आया था। मड़ावरा के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। मौत का कारण पानी में गिरना प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के सही कारणों का पतापोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

## सीडीओ ने कान्हा गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली बेहतर

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** नवदुर्गा महा-महोत्सव में अष्टमी के पर्व पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शेषनाथ चौहान ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गोवंश आश्रय स्थल देलवारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अष्टमी पर्व के पावन अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से गोपूजन कर गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने आश्रय स्थल की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य, उनके रहने की व्यवस्था, खानपान, साफ- सफाई एवं चिकित्सा सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि आश्रय स्थल में रखे गए सभी गोवंश स्वस्थ, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में रह रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं की गुणवत्ता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने विशेष रूप से यह भी देखा कि कमजोर एवं वृद्ध गोवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखने की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे उनकी देखभाल बेहतर तरीके से की जा सके। इसके अतिरिक्त बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त (एक्सीडेंटल) गोवंशों के लिए पृथक स्थान निर्धारित किया गया है, जहां पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित रूप से उनका उपचार किया जा रहा है। इस व्यवस्था को सीडीओ ने सराहनीय बताया। चारा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि आश्रय स्थल में पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं चुनी उपलब्ध है, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की कमी नहीं हो रही है। सफाई व्यवस्था का भी उन्होंने गहन निरीक्षण किया और पाया कि परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी प्रकार स्वच्छता बनाए रखी जाए और नियमित रूप से सफाई कार्य होता रहे, जिससे गोवंशों को स्वस्थ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला के संचालन, व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं अन्य आश्रय स्थलों के लिए भी उदाहरण बन सकती हैं। इस दौरान निरीक्षण में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी भगवान सिंह, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चौबे सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जान से मारने की धमकीः ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला पिसनारी में घर के बाहर मौजूद एक युवक पर तीन विपक्षियों ने गाली गलौज करते हुए लोहे की राड से हमला कर मारपीट की और जान से मारने की हमने धमकी दी। मारपीट में युवा गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ग्रामीण के साथ मारपीट कर धमकी देने का आरोप

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोंरई में चक्की पर आटे की बोरी उठाने जा रहे एक ग्रामीण के साथ विपक्षी पिता पुत्र में जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।ग्राम सोंरई निवासी रामसेवक पुत्र जजा अहिरवार ने थाना जखोरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह आटा चक्की पर बोरी उठाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान जब वह नहर की पुलिया के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद राकेश पुत्र महिपा व उसका पुत्र राकेश यादव ने एक राय होकर उसके साथ जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जमकर गाली-गलौज की। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लात घुसा लाठी डंडा से उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना जखौरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी पिता पत्र के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

**बैठक** | महापौर सूरी की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक संपन्न

## हितग्राहियों की सूची का हुआ अनुमोदन, विकास एवं सुविधाओं के कई अहम विषयों पर लिए गए निर्णय

आचरण संवाददाता

**कटनी।** निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट,प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन, आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत भवनों को आपसी सहमति से बदलने,चौराहों के नामकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाकर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्वश्री सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,उमेन्द्र ओमी अहिरवार, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू मखीजा,तुलसा गुलाब बेन उपायुक्त शैलेष गुप्ता सहित निगम के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। स्थानीय प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 -2027 के लिए तैयार किए गए बजट प्रस्ताव को सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात अब परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है। बजट में नगर विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं।स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयार किए गए इस बजट का उद्देश्य शहर के समग्र विकास को गति देना एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। परिषद की बैठक में बजट पर विस्तृत चर्चा के उपरांत अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी, जिसके पश्चात विभिन्न विकास कार्यों को क्रियान्वित किया जाएगा।बजट में जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकताओं का निर्धारण किया गया है, ताकि शहर के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।स्थानीय प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा मे शव वाहन एवं लावारिस शव वाहन की व्यवस्था हेतु विशेष प्रावधान किया गया है। इस निर्णय का उद्धेश्य शहर में मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप त्वरित एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के 123 हितग्राहियों की सूची के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव पर विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार पोर्टल पर 21 अगस्त 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक की स्थिति में प्राप्त 123 आवेदनों की दावा आपत्ति दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त किये जाने पर निर्धारित समयावधि में कोई भी दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। सभी 123 हितग्राही प्रारंभिक रूप से पात्र पाए गए है, इसके अतिरिक्त योजना के तहत ऑनलाइन बेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 135 प्रारंभिक रूप से पात्र हितग्राहियों का मेयर इन काउंसिल से स्वीकृति, अनुमोदन उपरांत कलेक्टर से भी कराया जाना है। उक्त प्रस्तावों पर आवश्यक विचारोपरांत सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। आईएचएसडीपी योजनांतर्गत भवन आवंटन उपरांत आपस में अदला बदली किए जाने हेतु शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत आवेदकों के प्रस्ताव पर विभाग द्वारा बताया गया कि शासन के नवीन दिशा निर्देशों अनुसार भवनों के आवंटन में चयनित हितग्राही मेयर इन काउंसिल के अनुमोदन उपरांत आपस में भवनों को बदल सकते है।

## दबंग पर लगाया अवैध रूप से पैसे मांगने का आरोप, कार्रवाई की मांग

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना नाराहट के स्थानीय कस्बे में क्रिकेट मैच के दौरान शराब और मुर्गा खाने के लिए दबंगों ने एक खिलाड़ी से पैसे मांगे और न देने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा धमकी भी दी। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को सूचित किया और शिकायती पत्र भी दिया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उसके शिकायती पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की, बल्कि उसे धमकाया भी है। इस घटना को लेकर पीड़ित ने डीएम एसपी को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्यवाही की मांग उठाई। कस्बा नाराहट निवासी कैलाश पुत्र लखन कुशवाहा ने डीएम एसपी निवास पर उपस्थित होकर शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि कस्बा नाराहट में किला कोटी क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था, जिसमें विजेता टीम को 21000 उपविजेता टीम को 11000 रूपये का पुरस्कार दिया जाना था। बताया गया है कि जब वह क्रिकेट मैच खेल रहा था, तभी गांव में ही रहने वाली विपक्षी राहुल कुशवाहा पुत्र सीताराम, प्रभु दयाल पुत्र हरप्रसाद ठेकेदार एवं नितेश पुत्र रमेश कुशवाहा आदि एक राय होकर आए और उससे दारू मुर्गा के लिए 5000 रूपये की अवैध रूप से मांग करने लगे। जब उसने विपक्षियों को कम पैसा होने का हवाला दिया ।

न्यायालयः- कमिश्नर फार वकमैन कम्पनशेसन, श्रम न्यायालय सागर (म.प्र.)
पृ. क. मूल प्र.क. सीओसी-बी-03/2014/डब्ल्यु.सी.एफ.
प्रकरण क्रमांक एम.सी.सी.बी.-43/2026 डब्ल्यु.सी.एफ.
मृतक -लट्टूराम पिता लाल्ले अहिरवार
सूचना पत्र
उपरोक्त प्रकरण में आपको एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रमिक श्री लट्टूराम पिता लाल्ले अहिरवार की नियोक्ता रामदास कुशवाहा पिता सरजू कुशवाहा निवासी ग्राम श्यामाइनोर (टुडर) थाना नौगांव जिला छतरपुर म.प्र. के नियोजन में काम करते हुये दुर्घटना कार्य से उत्पन्न होने से दिनांक 06-06-2013 को मृत्यु हो गई व नियोक्ता अनावेदक रामदास कुशवाहा पिता सरजू कुशवाहा द्वारा श्रमिक के क्षतिपूर्ति राशि 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) मृतक के आश्रितों में वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा कराई है। उपरोक्त प्रकरण मृतक के आश्रितों की सूची व जाँच हेतु दिनांक 17/04/2026 नियत की गई है। अतः यदि आप अथवा अन्य कोई व्यक्ति वकमैन कम्पनशेसन एक्ट की धारा 2 (डी) के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो आप वह दिनांक 17/04/2026 को दिन 11 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं आश्रित होने बावत् प्रमाण पत्र पेश करें। मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्टेड करवाकर पहचान हेतु पेश करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को साथ लावें। आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
(विनायक गुप्ता)
आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय, सागर (म.प्र.)

## आईपीएल : बीसीसीआई ने जारी किया दूसरे चरण का कार्यक्रम

# सीएसके और एमआई दूसरे चरण में एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेंगे




नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हालांकि, बोर्ड ने फिलहाल प्लेऑफ और फाइनल मैच की तारीख और स्थल का ऐलान नहीं किया है। लेकिन पीटीआई के अनुसार, खिताबी मुकाबला 31 मई को बंगलूरू में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 70 लीग मैचों का कार्यक्रम घोषित किया है जो 24 मई तक चलेगा। आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होगी। बोर्ड ने पहले 20 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया था और अब दूसरे चरण में बीसीसीआई ने लीग चरण के शेष 50 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है।

### क्यों दो भाग में आया कार्यक्रम?

आईपीएल 2026 का कार्यक्रम दो भागों में जारी किया गया है। पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी हुआ था और अब लीग चरण के शेष 50 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसका कारण पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। असम, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के नतीजे चार मई को जारी होंगे। बीसीसीआई ने इन राज्यों में चुनाव घोषित होने के बाद लीग चरण का पूरा कार्यक्रम घोषित किया है।

### 24 मई तक होंगे लीग मैच

### चेन्नई और मुंबई इंडियंस में होगी रोचक भिड़ंत

पांच बार की दो चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 के दूसरे चरण में दो बार आमने-सामने होंगी, जो 13 अप्रैल से शुरू होगा। एसआरएच और आरआर इस फेज़ की शुरुआत हैदराबाद में करेंगे, जबकि आईपीएल की दो बड़ी टीमें सीएसके और एमआई 23 अप्रैल को मुंबई में और 2 मई को चेन्नई में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के इस फेज में आठ डबल-हेडर होंगे।

### 13 शहरों में होंगे मैच

बीसीसीआई ने पहले 12 अप्रैल तक के मैचों का कार्यक्रम जारी किया था और अब 13 अप्रैल से 24 मई तक का शेड्यूल बता दिया है। दूसरे चरण में 12 वेन्यू पर आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि आईपीएल 2026 में कुल 13 स्थानों पर मैच होंगे। दूसरे चरण में बंगलूरू, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में मुकाबले होंगे। पहले चरण में गुवाहाटी भी आईपीएल मैचों की मेजबानी कर रहा है, लेकिन दूसरे चरण में वहां मैच नहीं होंगे। दूसरे चरण की शुरुआत 13 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले मैच से होगी। वहीं, लीग चरण का अंतिम मैच 24 मई को केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कोलकाता में खेला जाएगा।

### धर्मशाला में होंगे तीन मुकाबले

दूसरे चरण में आठ डबल हेडर मुकाबले होंगे जिसमें दोपहर के मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे से होंगे, जबकि शाम के मैच 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पहले चरण में चार डबल हेडर होने हैं। यानी इस बार कुल 12 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम अपने होम मुकाबले न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी। इस दौरान धर्मशाला में तीन मैच खेले जाएंगे।

दूसरी तरफ, राजस्थान की टीम चार मैच जयपुर में खेलेगी, जबकि गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने तीन होम मैच बंगलूरू और दो रायपुर में खेलेगी। बीसीसीआई ने बताया कि प्लेऑफ के वेन्यू की घोषणा बाद में की जाएगी।

आईपीएल 2026

## आईपीएल का कार्यक्रम

| मैच | तारीख | समय | टीम | बनाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28-मार्च | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बंगलूरू |
| 2 | 29-मार्च | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 3 | 30-मार्च | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | राजस्थान रॉयल्स | गुवाहाटी |
| 4 | 31-मार्च | 19:30 | गुजरात टाइटंस | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 5 | 01-अप्रैल | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 6 | 02-अप्रैल | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 7 | 03-अप्रैल | 19:30 | पंजाब किंग्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 8 | 04-अप्रैल | 15:30 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 9 | 04-अप्रैल | 19:30 | राजस्थान रॉयल्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 10 | 05-अप्रैल | 15:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 11 | 05-अप्रैल | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बंगलूरू |
| 12 | 06-अप्रैल | 19:30 | पंजाब किंग्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 13 | 07-अप्रैल | 19:30 | मुंबई इंडियंस | राजस्थान रॉयल्स | गुवाहाटी |
| 14 | 08-अप्रैल | 19:30 | गुजरात टाइटंस | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 15 | 09-अप्रैल | 19:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 16 | 10-अप्रैल | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | राजस्थान रॉयल्स | गुवाहाटी |
| 17 | 11-अप्रैल | 15:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 18 | 11-अप्रैल | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 19 | 12-अप्रैल | 15:30 | गुजरात टाइटंस | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 20 | 12-अप्रैल | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 21 | 13-अप्रैल | 19:30 | राजस्थान रॉयल्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 22 | 14-अप्रैल | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 23 | 15-अप्रैल | 19:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बंगलूरू |
| 24 | 16-अप्रैल | 19:30 | पंजाब किंग्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 25 | 17-अप्रैल | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 26 | 18-अप्रैल | 15:30 | दिल्ली कैपिटल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बंगलूरू |
| 27 | 18-अप्रैल | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 28 | 19-अप्रैल | 15:30 | राजस्थान रॉयल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 29 | 19-अप्रैल | 19:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 30 | 20-अप्रैल | 19:30 | मुंबई इंडियंस | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 31 | 21-अप्रैल | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 32 | 22-अप्रैल | 19:30 | राजस्थान रॉयल्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 33 | 23-अप्रैल | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 34 | 24-अप्रैल | 19:30 | गुजरात टाइटंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बंगलूरू |
| 35 | 25-अप्रैल | 15:30 | पंजाब किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 36 | 25-अप्रैल | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 37 | 26-अप्रैल | 15:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 38 | 26-अप्रैल | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 39 | 27-अप्रैल | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 40 | 28-अप्रैल | 19:30 | राजस्थान रॉयल्स | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 41 | 29-अप्रैल | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 42 | 30-अप्रैल | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 43 | 01-मई | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 44 | 02-मई | 19:30 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 45 | 03-मई | 15:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 46 | 03-मई | 19:30 | पंजाब किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 47 | 04-मई | 19:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 48 | 05-मई | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 49 | 06-मई | 19:30 | पंजाब किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 50 | 07-मई | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 51 | 08-मई | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 52 | 09-मई | 19:30 | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 53 | 10-मई | 15:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 54 | 10-मई | 19:30 | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 55 | 11-मई | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 56 | 12-मई | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 57 | 13-मई | 19:30 | कोलकाता नाइट राइडर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 58 | 14-मई | 19:30 | मुंबई इंडियंस | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 59 | 15-मई | 19:30 | चेन्नई सुपर किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 60 | 16-मई | 19:30 | गुजरात टाइटंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 61 | 17-मई | 15:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 62 | 17-मई | 19:30 | राजस्थान रॉयल्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 63 | 18-मई | 19:30 | सनराइजर्स हैदराबाद | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 64 | 19-मई | 19:30 | लखनऊ सुपर जायंट्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 65 | 20-मई | 19:30 | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 66 | 21-मई | 19:30 | गुजरात टाइटंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 67 | 22-मई | 19:30 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 68 | 23-मई | 19:30 | पंजाब किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 69 | 24-मई | 15:30 | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 70 | 24-मई | 19:30 | दिल्ली कैपिटल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |

## आईपीएल 2026 में इस बार उद्घाटन समारोह नहीं होगा : बीसीसीआई

बेंगलुरु


इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 सत्र में इस बार उद्घाटन समारोह नहीं रखा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार उद्घाटन समारोह की जगह पर पिछली बार इस स्टेडियम में मची भगदड़ के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। आईपीएल सत्र का पहला मुकाबला 28 मार्च को एम चेन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। पिछली बार हादसे में मारे गये लोगों के सम्मान में इस बार कोई पारंपरिक समारोह नहीं रखा गया है। इसी को लेकर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि है कि उद्घाटन मैच से पहले कोई समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा पर 31 मई को खिताबी मुकाबले के दिन आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के सहयोग से समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

### उद्घाटन समारोह की जगह भगदड़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी

गौरतलब है कि पिछली बार आरसीबी की जीत के बाद बेंगलुरु में निकाली गई विक्ट्री परेड के दौरान भची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। इसी दुखद हादसे को ध्यान में रखते हुए इस बार उद्घाटन समारोह को रद्द किया गया है जिससे मृतकों को श्रद्धांजलि दी जा सके। इससे पहले भी आईपीएल उद्घाटन समारोह के बिना ही एक बार आईपीएल आयोजित किया गया था। साल 2019 में पुलवामा हादसे के बाद भी बीसीसीआई ने उद्घाटन कार्यक्रम को रद्द करते हुए उस पर खर्च होने वाली राशि शहीद जवानों के परिवारों को दान कर दी गई थी।

# जेसिका पेगुला को हराकर रायबाकिना मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

फ़्लोरिडा (अमेरिका)



एलेना रायबाकिना ने जेसिका पेगुला को लगातार पांचवीं बार हराकर मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर यह मुकाबला जीता। 32 वर्षीय पेगुला ने पहले सेट में 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन रायबाकिना ने जोरदार वापसी की। उन्होंने 15 ऐस लगाए और 10 में से आठ ब्रेक पॉइंट बचाकर जीत हासिल की। सेमीफाइनल में रायबाकिना का मुकाबला दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में अमेरिकी चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी कोको गॉफ और चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा आमने-सामने होंगी। अगर गॉफ़ फ़ाइनल में पहुंच जाती हैं, तो वह पूर्व विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक को पीछे छोड़कर अगले हफ्ते डब्ल्यूटीए रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगी।

### फिल्स ने रोमांचक मैच में 4 मैच पॉइंट बचाए, पॉल को चौंकाया

आर्थर फिल्स ने टॉमी पॉल से बचने के लिए नाटकीय ढंग से चार मैच पॉइंट बचाए। सीजन के एक मैच में, 21 साल के फिल्स ने घरेलू फ़ेवरेट पॉल की उम्मीदों पर 6-7(3), 7-6(4), 7-6(6) से पानी फेर दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए।

# आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी है: ललित मोदी

बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज़्यादा बड़ी और महंगी है। हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है। उनके मुताबिक, सभी चीज़ों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है।

उन्होंने बताया कि बीसीसीआई को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांज़ैक्शन फ़ीस बेस वैल्यूएशन से ज़्यादा कॉस्ट को काफ़ी बढ़ा देती है। इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांज़ैक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच के लिए बिना टिकट प्रवेश नहीं: पुलिस

बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने लोगों से कहा कि वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस सीजन के पहले आईपीएल मैच के लिए बिना वैलिड टिकट के न आएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कड़ी जांच होगी और स्टेडियम के बाहर भीड़ जमा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। सीनियर पुलिस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने कहा कि मैच को बिना किसी रुकावट के कराने के लिए कई स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं।

महिला चैंपियंस लीग : क्वार्टरफाइनल


# पहले लेग में एफ सी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 6-2 से हराया



मैड्रिड

फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने स्पेन में महिला फुटबॉल में अपना दबदबा साबित करते हुए यूईएफए महिला चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में रियल मैड्रिड के खिलाफ 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यहां मुकाबले में एवा पाजोर के छठे मिनट में किये गये गोल की बदौलत बार्सिलोना ने खेल पर जल्दी ही अपना नियंत्रण बना लिया। 13वें मिनट तक स्कोर 2-0 हो गया था, जब गोलकीपर मिसा रोड्रिगेज विक्की लोपेज के क्रॉस पर एस्मी ब्रूग्ट्स के फार-पोस्ट हेडर को रोक नहीं पाईं। लिंडा कैसिडो ने कुछ समय के लिए मैड्रिड को मैच में वापस ला दिया; उन्होंने दौड़ लगाते हुए ऑफसाइड ट्रैप को तोड़ा, काटा कोल को छकाया और शांत भाव से गोल कर दिया। लेकिन सिर्फ दो मिनट बाद, इरीन पारेडेस ने एक कॉर्नर से ज़ोरदार हेडर लगाकर बार्सिलोना की दो गोल की बढ़त को फिर से बहाल कर दिया।पाजोर ने 57वें मिनट में फिर से गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। सात मिनट बाद लोपेज ने पांचवां गोल किया। कैरोलीन ग्राहम हैनसेन ने दाईं ओर जगह बनाई और गेंद को पीछे की ओर खींचा, जिसके बाद लोपेज ने अपने बाएं पैर से गोल कर दिया। इसके बाद कैसिडो ने रात का सबसे शानदार गोल किया; एक लंबे पास पर तेजी से दौड़ते हुए, पारेडेस को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने एक ऐसा जोरदार लॉन्ग-रेंज शॉट लगाया जिसे रोकना नामुमकिन था। हालाँकि, उनका यह प्रयास बेकार साबित हुआ, क्योंकि मैच के आखिर में मैड्रिड के पेनल्टी एरिया में ग्राहम हैनसेन को गिरा दिया गया।

## राहुल चाहर काउंटी चैंपियनशिप में फिर से सरे टीम के लिए खेलेंगे



लंदन

भारत के स्पिनर राहुल चाहर इस गर्मी में होने वाली काउंटी चैंपियनशिप में आठ मैचों के लिए सरे टीम में वापसी करेंगे। जून में शुरु होने वाली इस चैंपियनशिप में चाहर आखिरी आठ मैचों में खेलते हुए नजर आएंगे, जिसकी शुरुआत सात जून को ओवल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले मुकाबले से होगी।

चाहर ने कहा, मैं इस सीज़न में सरे में वापसी को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे 2025 में अपना छोटा सा कार्यकाल बहुत पसंद आया था, और जब मैंने एलेक स्टीवर्ट से बात की, तो इस सीजन में वापसी का मौका मिलते ही मैंने तुरंत हाँ कर दी। सरे एक सफल क्लब है और मैं 2026 में टीम को उसके लक्ष्य हासिल करने में मदद करना चाहता हूं।

इस करार को लेकर सरे की क्रिकेट टीम के निदेशक एलेक स्टीवर्ट ने कहा, राहुल पिछले साल आए थे और उन्होंने हैम्पशायर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी काबिलियत साबित की थी। हम टीम में उनका फिर से स्वागत करने और यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह सरे के लिए क्रिकेट मैच जीतने में किस तरह योगदान दे सकते हैं।

मई के आखिर तक, चाहर आईपीएल में व्यस्त रहेंगे, जहां वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

सैफ-20 चैम्पियनशिप 2026

# भारत ने पाकिस्तान को पहले ही मैच में हराया

## सेमीफाइनल का कटाया टिकट पाक टीम का बंधा बोरिया बिस्तर

माले




भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को बुरी तरह हराते हुए भारतीय खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का बड़ा मौका दिया है। भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाते हुए सैफ-20 चैम्पियनशिप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय अंडर-20 फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंदते हुए टूर्नामेंट में शानदार जीत से अपने अभियान का आगाज किया। इस जीत से जहां भारत ने सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

वहीं, पाकिस्तान का टूर्नामेंट से बोरिया बिस्तर बंध गया। इससे पहले पाकिस्तान को 24 मार्च को बांग्लादेश के हाथों 2-0 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### माले में भारत ने खोला जीत का खाता

मालदीव की राजधानी माले के नेशनल फुटबॉल स्टेडियन में खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तानी टीम पर पहले ही मिनट से हमला बोला, जिसका फायदा तीसरे मिनट में मिला। विशाल यादव ने शानदार अंदाज में गोल करते हुए पाकिस्तान के हौसले पस्त कर दिए। इसके बाद भारत ने पहले हॉफ में और भी कई हमले किए, लेकिन गोल में तब्दील नहीं हो सके। पहले हॉफ का खेल खत्म होने तक भारत 1-0 से आगे था।

### ओमांग डोडुम ने दागे 2 बेहतरीन गोल

दूसरे हॉफ में भी भारतीय टीम ने अपना शानदार खेल जारी रखा। इस दौरान 64वें मिनट में फॉरवर्ड ओमांग डोडुम को बेहतरीन चांस मिला, जिसे उन्होंने गोल में तब्दील करते हुए भारत की लीड को 2-0 कर दिया। दूसरा गोल खाते ही पाकिस्तानी टीम बुरी तरह से टूट गई और गलतियां करने लगी। यही वजह रही कि 88वें मिनट में भारत को पेनल्टी मिली। इस शानदार मौके को ओमांग डोडुम ने बेहतरीन ढंग से भुनाते हुए तीसरा गोल दाग दिया। इस गोल के सुनिश्चित होने के साथ ही पाकिस्तान की करारी शिकस्त भी तय हो गई।

### भारत का अगला मैच बांग्लादेश से

भारतीय टीम अब 28 मार्च को बांग्लादेश की टीम का सामना करेगी। ये मुकाबला माले में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम 1 अप्रैल सेमीफाइनल में फाइनल का टिकट हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारत 4 बार सैफ 20 चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर चुका है। इस बार टीम 5वीं बार खिताब अपनी झोली में करना चाहेगी।

# 153 दिन...22 मैच; क्या रो-को इनमें से नौ का होंगे हिस्सा?

## बीसीसीआई ने जारी किया टीम इंडिया के घरेलू मैचों का शेड्यूल

नई दिल्ली

बीसीसीआई ने 2026-27 के घरेलू सीजन का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार भारतीय फैंस को एक्शन से भरपूर क्रिकेट देखने को मिलेगा, जहां भारतीय टीम अपने घर में चार अलग-अलग टीमों, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। इस साल 27 सितंबर से अगले साल 27 फरवरी तक, यानी कुल 153 दिन में भारत अपने घर पर कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मैच, 17 शहरों में खेलेगा। इससे फैंस को एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज मिलेगा।

### रोहित-विराट पर रहेंगी खास नजरें

इस होम सीजन की सबसे खास बात यह है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी पूरे सीजन में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। दोनों दिग्गज इस दौरान घरेलू सरजमीं पर होने वाले सभी नौ वनडे मैच खेल सकते हैं, जिससे फैंस को एक बार फिर उनकी क्लासिक बल्लेबाजी देखने का मौका मिलेगा। इनमें तीन-तीन वनडे वेस्टइंडीज, श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ हैं। अगले साल वनडे विश्वकप भी होना है। ऐसे में ये नौ वनडे मैच तैयारी के लिहाज से भी खास रहने वाले हैं।

### इंदौर के होलकर स्टेडियम में होगा टी-20 मैच, भारत और वेस्टइंडीज की टीमें भिड़ेंगी

नई दिल्ली

इंदौर के होलकर स्टेडियम में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रोमांच लौटने वाला है। नए शेड्यूल के मुताबिक, 11 अक्टूबर को इंदौर के मैदान पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच एक हाई-वोल्टेज टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। कैरेबियाई टीम का यह दौरा 27 सितंबर 2026 से शुरू होने जा रहा है। दौरे की शुरुआत में तीन मैचों की वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी, जिसके बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के मुकाबले तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ के स्टेडियमों में आयोजित होंगे, जबकि टी-20 सीरीज के मैच लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में होंगे।



सीजन की शुरुआत वेस्टइंडीज सीरीज से

घरेलू सीजन की शुरुआत 27 सितंबर 2026 से वेस्टइंडीज के खिलाफ होगी। इस दौरे में तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे।

### वेस्टइंडीज बनाम भारत शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| पहला वनडे | 27 सितंबर | 2:00 PM | त्रिवेंद्रम |
| दूसरा वनडे | 30 सितंबर | 2:00 PM | गुवाहाटी |
| तीसरा वनडे | 3 अक्तूबर | 2:00 PM | न्यू चंडीगढ़ |
| पहला टी20 | 6 अक्तूबर | 7:00 PM | लखनऊ |
| दूसरा टी20 | 9 अक्तूबर | 7:00 PM | रांची |
| तीसरा टी20 | 11 अक्तूबर | 7:00 PM | इंदौर |
| चौथा टी20 | 14 अक्तूबर | 7:00 PM | हैदराबाद |
| पांचवां टी20 | 17 अक्तूबर | 7:00 PM | बंगलूरू |

### दिसंबर में श्रीलंका से भिड़ंत

दिसंबर 2026 में श्रीलंका टीम भारत दौरे पर आएगी, जहां तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे।

### श्रीलंका बनाम भारत शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| पहला वनडे | 13 दिसंबर | 2:00 PM | दिल्ली |
| दूसरा वनडे | 16 दिसंबर | 2:00 PM | बंगलूरू |
| तीसरा वनडे | 19 दिसंबर | 2:00 PM | अहमदाबाद |
| पहला टी20 | 22 दिसंबर | 7:00 PM | राजकोट |
| दूसरा टी20 | 24 दिसंबर | 7:00 PM | कटक |
| तीसरा टी20 | 27 दिसंबर | 7:00 PM | पुणे |

### नए साल में जिम्बाब्वे सीरीज

2027 की शुरुआत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी।

### जिम्बाब्वे बनाम भारत शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| पहला वनडे | 3 जनवरी | 2:00 PM | कोलकाता |
| दूसरा वनडे | 6 जनवरी | 2:00 PM | हैदराबाद |
| तीसरा वनडे | 9 जनवरी | 2:00 PM | मुंबई |

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से होगा समापन

सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी होगी, जो 21 जनवरी 2027 से शुरू होगी।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 21-25 जनवरी | 9:30 AM | नागपुर |
| दूसरा टेस्ट | 29 जनवरी-2 फरवरी | 9:30 AM | चेन्नई |
| तीसरा टेस्ट | 11-15 फरवरी | 9:30 AM | गुवाहाटी |
| चौथा टेस्ट | 19-23 फरवरी | 9:30 AM | रांची |
| पांचवां टेस्ट | 27 फरवरी-3 मार्च | 9:30 AM | अहमदाबाद |

## संक्षिप्त समाचार

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने हार के बाद दिया इस्तीफा

कोपेनहेगन। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन (48) ने आम चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को मतगणना में उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को महज 38 सीटें मिलीं। हालांकि, अभी वहां किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं हुआ है। मेटे जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री थीं और 2022 में दोबारा सत्ता में लौटी थीं। वे 41 की उम्र में पद संभालने वाली देश की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बनी थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से ग्रीनलैंड के मुद्दे पर बेबाकी से लेकर सादगी तक के उनके कई किस्से हैं। मेटे बचपन से ही शांत और संकोची रहीं। बोलने में हकलाहट के कारण स्कूल में बच्चे उनका मजाक उड़ाते थे। उन्हें लंबे समय तक स्पीच थेरेपी लेनी पड़ी। वे 90 के दशक में पर्यावरण और पशु अधिकारों को लेकर वे बेहद आक्रामक रहीं। कॉस्मेटिक कंपनियों द्वारा जानवरों पर परीक्षण के विरोध में उन्होंने मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करना ही छोड़ दिया। उनका मानना था कि जानवरों को दर्द देकर सुंदरता पाना गलत है। इसी दौर में उन्होंने 'जेंस' नाम की एक व्हेल को प्रतीकात्मक रूप से गोद लिया और अपनी पॉकेट मनी से समुद्री संरक्षण संस्था को राशि देकर उसकी सुरक्षा, ट्रैकिंग और प्राकृतिक आवास बचाने में सहयोग किया। 2012 में रोजगार मंत्री रहते हुए मेटे साधारण कपड़ों और फ्लैट जूतों में बच्चों को साइकिल से स्कूल छोड़ने जाती थीं। तब जनता में उनकी सादगी के खूब चर्चे होते थे।

### 6 साल की मासूम के सिर पर तलवार मारी



भोपाल। भोपाल के शाहजहानाबाद इलाके में बदमाशों ने 6 साल की मासूम को तलवार मार कर घायल कर दिया। सिर में तलवार लगने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है। घटना बुधवार देर रात की है, जबकि इसके सीसीटीवी फुटेज गुरुवार रात सामने आए हैं। फुटेज में हथियारों से लैस बदमाश उत्पाद मचाते नजर आ रहे हैं। घटना के 24 घंटे बाद भी न ही आरोपियों की पहचान हुई है ना ही उनकी गिरफ्तारी हो सकी है। 6 वर्षीय मिरल अहमद पुत्री फैजान अहमद इंद्र विहार कॉलोनी एयरपोर्ट रोड की रहने वाली है। वह प्राइवेट स्कूल में किंडर गार्डन में पढ़ाई कर रही है। उसके पिता फैजान अहमद पोस्ट ऑफिस में जॉब करते हैं। फैजान के मुताबिक उनका ससुराल शाहजहानाबाद इलाके में स्थित नूर महल में है। बुधवार को उनकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके में मेहमानी में आई हुई थी। बुधवार देर रात वह पत्नी और बेटा-बेटी को ससुराल से दो पहिया वहन लेकर अपने एयरपोर्ट रोड स्थित घर के लिए रवाना हुए। ससुराल से कुछ ही दूरी पर स्थित शब्द प्रिंटिंग प्रेस के पास पहुंचे जहां पहले से विवाद चल रहा था। करीब 70 से 80 लोग आपस में बहस बाजी कर रहे थे। उन्होंने अपने दो पहिया वहां से यू टर्न लेने का प्रयास किया, क्योंकि गली संकरी थी लिहाजा मोड़ने में देरी हुई। इसी बीच विवाद कर रहे युवकों में मारपीट हुई, हंगामा के बीच किसी ने एक जोरदार वार किया।

## रीवा में रात को पुलिस बुलानी पड़ी; नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपए महंगा

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह फैलाई तो FIR होगी

भोपाल

मध्य प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर आम दिनों की तुलना में ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं।
अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध के बीच मध्य प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर बीते तीन दिन से भीड़ उमड़ रही है। पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह के चलते लोग लगातार गाड़ियों का टैंक फुल कराने पहुंच रहे हैं। इस वजह से कई पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं। विवाद की स्थिति भी बन रही है। रीवा में गुरुवार सुबह 5 बजे से ही लोग पंपों पर जुटने लगे। स्थिति संभालने के लिए प्रशासन ने कई जगहों पर पुलिस बल तैनात किया है। इधर, पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाह को लेकर भोपाल जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। गुरुवार शाम को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। इनमें साफ कहा है कि यदि आम लोगों में सोशल मीडिया के जरिए भय फैलाने का काम किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### रीवा- घबराहट में पंपों पर उमड़ रहे लोग

रीवा जिले में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैलने से गुरुवार सुबह 5 बजे से ही पंपों पर भीड़ लग गई। ये नजारा दोपहर तक बना रहा। हालांकि, कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है। अब पंपों को सप्लाई उधार की बजाय एडवांस भुगतान पर दी जा रही है। प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### रायसेन- लिमिट तय, किसान डीजल के लिए पहुंच रहे

रायसेन में वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल बेचने की मात्रा तय कर दी गई है। एक व्यक्ति को अधिकतम 50 लीटर पेट्रोल और 200 लीटर डीजल ही दिया जा रहा है। फसल कटाई के चलते किसान डीजल के लिए बड़ी संख्या में पंपों पर पहुंच रहे हैं। यहां पेट्रोल की खपत 23-24 हजार लीटर से बढ़कर 40-42 हजार लीटर प्रतिदिन जबकि डीजल की खपत 5 हजार लीटर से बढ़कर 12 हजार लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। अधिकारियों का कहना है कि स्टॉक पर्याप्त है, लेकिन बढ़ती मांग के कारण बिक्री पर नियंत्रण रखा जा रहा है।

### दमोह- टैंक फुल कराने से दबाव बढ़ा

दमोह में पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। शहर में तीन पंप चालू हैं, जबकि पुलिस विभाग का पंप बंद है। संचालकों के अनुसार, लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं। पहले जहां 1-2 लीटर लिया जाता था, वहीं अब टैंक फुल कराया जा रहा है। कन्हैया पेट्रोल पंप के संचालक शिवांजय जैन ने बताया कि स्टॉक पर्याप्त है, लेकिन भीड़ जारी रही तो पंप बंद करना पड़ सकता है।

### कुक्षी-बाग- दाम बढ़े, लेकिन भीड़ कम हुई

नायरा पेट्रोलियम ने पेट्रोल रुपए 5 और डीजल रुपए3 प्रति लीटर महंगा किया है। बाग में नायरा के पंप पर पेट्रोल रुपए 113.13 और डीजल रुपए96 प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि इंडियन ऑयल के पंप पर पेट्रोल रुपए107.94 और डीजल रुपए 93 प्रति लीटर है। हालांकि, कुक्षी और बाग में पैनिक बाइंग घटी है।

### भोपाल- रचना नगर पंप पर 2-3 दिन से भीड़

भोपाल के रचना नगर स्थित पेट्रोल पंप पर पिछले 2-3 दिन से ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। पहले लोग 4-7 लीटर पेट्रोल लेते थे, अब 10 लीटर तक भरवा रहे हैं, जिससे पंप पर दबाव बढ़ गया है। वहीं गुरुवार शाम को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। इनमें साफ कहा है कि यदि आम लोगों में सोशल मीडिया के जरिए भय फैलाने का काम किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में भ्रामक एवं आधारहीन सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। इन अफवाहों के कारण जनसाधारण में अनावश्यक भय व्याप्त हो रहा है। जिससे पेट्रोल पंपों पर अत्यधिक भीड़ एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। अधिकारी लगातार पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## दिग्विजय ने अयोध्या में पहली बार किए रामलला के दर्शन



### हम धर्म का उपयोग व्यवसाय और राजनीति के लिए नहीं करते

अयोध्या/भोपाल

एमपी के पूर्व सीएम और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने पहली बार आज गुरुवार को यूपी के अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री से मुलाकात करने उनके आवास पहुंचे। राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह दिग्विजय सिंह पहली बार अयोध्या पहुंचे और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद कहा- कांग्रेस में हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। हम धर्म का दुरुपयोग न तो व्यवसाय के लिए करते हैं न राजनीति के लिए करते हैं। कोई किसी भी धर्म का व्यक्ति क्यों न हो चाहे हिन्दू हो, मुसलमान हो, सिख हो, चाहे पारसी हो या ईसाई हो, हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। लेकिन उसका राजनैतिक दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। धर्म का दुरुपयोग व्यवसाय के लिए नहीं करना चाहिए।

### 'जब प्रभु का बुलावा आया तो मैं उपस्थित हो गया'

ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा - यह सब देख रहे हैं कुकिंग गैस के लिए और पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगी हुई है। जब प्रभु का बुलावा आता है तो हर व्यक्ति आ जाता है। वहीं, आप प्रभु राम के यहां आएं और हनुमान जी के दर्शन न करें ऐसा तो संभव नहीं हैं।

## डबरा नगर पालिका के तत्कालीन CMO पर EOW में FIR

डबरा

पार्षद धर्मेन्द्र सिंह ने किया था सीएमओ के कक्ष में हंगामा। डबरा नगर पालिका के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) प्रदीप भदोरिया के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास योजना में एक करोड़ रुपए से अधिक के भ्रष्टाचार के आरोप में गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पार्षद धर्मेंद्र सिंह हैप्पी की 18 महीने की शिकायत के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) भोपाल में की गई है। प्रदीप भदोरिया वर्तमान में टीकमगढ़ जिले की लिधोरा खास नगर परिषद में पदस्थ हैं। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद धर्मेंद्र सिंह हैप्पी ने ईओडब्ल्यू ग्वालियर को शिकायत दी थी। आरोप है कि तत्कालीन सीएमओ प्रदीप भदोरिया ने 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 के बीच पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को सरकार द्वारा निर्धारित 2.50 लाख रुपए के बजाय सांठगांठ कर 3 लाख रुपए का भुगतान कराया। जांच में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रति हितग्राही को कुल 2,50,000 रुपए की राशि तीन किस्तों में दी जानी निर्धारित है। इसके विपरीत, आरोपियों ने 13 विशिष्ट हितग्राहियों के खातों में नियम विरुद्ध तरीके से 3,00,000 रुपए की राशि पोर्टल के माध्यम से जमा की। भुगतान प्रक्रियाओं में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अनिवार्य जियो टैगिंग और नोटशीट संचालन के बिना ही सीधे पीपीए जारी कर भुगतान करा दिया गया।

## श्री हनुमान लोक



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पांढुर्णा में श्री हनुमान लोक में पूजा अर्चना और आरती की।

## लाइसेंसी बंदूक दिखाकर युवक को धमकाने का वीडियो



ग्वालियर

शहर के माधौगंज थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप संचालक द्वारा एक युवक को बंदूक दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है। घटना सिकंदर कंपू इलाके की बताई जा रही है, जिसका CCTV वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पेट्रोल पंप संचालक विजय कुशवाहा एक रोहित नाम के युवक को अपनी लाइसेंसी बंदूक दिखाकर धमकाते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक विवाद की शुरुआत संचालक के बेटे और युवक के बीच फोन पर हुई कहासुनी से हुई थी। बताया गया कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे विवाद बढ़ गया। इसके बाद विजय कुशवाहा लाइसेंसी बंदूक लेकर मौके पर पहुंचे और युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाया। वीडियो में वे कहते सुनाई दे रहे हैं- ÷दोबारा बेटे को फोन किया या ज्यादा बकवास की तो खोपड़ी खोल दूंगा। इस दौरान युवक के माता-पिता को भी अपशब्द कहे गए। पूरी घटना पास में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस के अनुसार मामला सोशल मीडिया के जरिए संज्ञान में आया है। फिलहाल इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# फिर खुलेंगी व्यापमं घोटाले की फाइलें

### सुप्रीम कोर्ट ने CBI और MP सरकार से पूछा- 320 पेजों की शिकायत पर अब तक क्या हुआ?

दिल्ली/भोपाल

व्यापमं महाघोटाले की जांच की आंच एक बार फिर तेज होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए CBI और मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पूछा है कि सकलेचा द्वारा दी गई 320 पन्नों की डिटेल शिकायत पर अब तक क्या एक्शन लिया गया? जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने आदेश दिया कि जांच एजेंसी और राज्य शासन अब तक की गई पूरी जांच और दाखिल चार्जशीट का ब्यौरा शपथ पत्र (एफिडेविट) के साथ पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल 2026 को तय की गई है। सकलेचा की ओर से सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा , सर्वम रितम खरे , विपुल तिवारी, इंद्रदेव सिंह मौजूद थे। वहीं शासन की ओर से अतिरिक्त एडवोकेट जनरल श्रीधर पोटराजू, सीबीआई की और से दविंदर पाल सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा।

### हाईकोर्ट ने कर दी थी याचिका खारिज

दरअसल, इंदौर हाईकोर्ट ने अप्रैल 2024 में सकलेचा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वे इस मामले में सीधे तौर पर प्रभावित पक्ष नहीं हैं। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सकलेचा के वकील विवेक तन्खा और उनकी टीम ने दलील दी कि भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतकर्ता की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए जवाब तलब किया है।

### केस फाइल: 11 साल का सफर और फाइलों में दबी शिकायत

2014: STF के विज्ञापन के बाद सकलेचा ने पुख्ता दस्तावेजों के साथ पहली शिकायत की।
2015: सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच CBI को मिली। सकलेचा ने दिल्ली में 320 पन्नों के दस्तावेज सौंपे।
2016: CBI और STF ने बयान दर्ज किए, लेकिन ठोस कार्रवाई के बजाय फाइलें विभाग-दर-विभाग घूमती रहीं।
2023: कार्रवाई न होने पर सकलेचा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## शाजापुर कलेक्टर को हाईकोर्ट ने तीसरी बार लगाई फटकार

शाजापुर

शाजापुर कलेक्टर के आदेश पर हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। 25 मार्च को हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जयकुमार पिल्लई ने कलेक्टर ऋजु बाफना के खिलाफ टिप्पणी करते हुए कहा कि शाजापुर कलेक्टर को नियमों की जानकारी नहीं है। वे बिना सोचे-समझे आदेश पारित कर देती हैं। यह कुछ ही दिनों में कलेक्टर को हाईकोर्ट से मिली तीसरी फटकार है। यह मामला कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी जयंत बघेरवाल की दो वेतन वृद्धि रोकने से जुड़ा है। शाजापुर कलेक्टर ने वाहन स्टैंड ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद ठेकेदार ने कर्मचारी जयंत बघेरवाल पर आर्थिक लेन-देन के आरोप लगाए। इन आरोपों के आधार पर, कलेक्टर ने बिना किसी जांच के 27 फरवरी और 28 फरवरी 2025 को दो आदेश जारी किए। पहले आदेश में बघेरवाल की दो वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश दिया गया, जबकि दूसरे आदेश में उन्हें एसडीएम कार्यालय गुलाना अटैच कर दिया गया। वेतन वृद्धि रोकने के आदेश के खिलाफ बघेरवाल ने पहले कमिश्नर उज्जैन के समक्ष अपील की, जिन्होंने कलेक्टर के आदेश को यथावत रखा। इसके बाद बघेरवाल ने हाईकोर्ट का रुख किया। इंदौर हाईकोर्ट ने 25 मार्च को इस आदेश पर स्थगन (स्टे) जारी कर दिया।

**प्लाट बेचना है**
गोपालगंज मेनरोड
तिगड्डा सागर (म.प्र.)
कुल एरिया 4500 वर्गफिट
जो दो या तीन हिस्सों में भी
आपकी सुविधानुसार
(आवश्यकतानुसार)
बेचा जा सकता है।
संपर्क करें-
9977951317, 9893119671

**खेती की जमीन बेचना है**
सागर-रहली रोड पर
मुख्य रोड से 100 मी. सीमेन्ट रोड पर
17.2 एकड कृषि भूमि बेचना है।
खसरा नं. 40/2 कड़ता है।
खेत के चारो ओर चेनालिंग जाली
की फेसिंग है तथा गेट लगा हुआ है।
संपर्क-पी.सी. दीवान, बंगला नं 22
अशोक रोड केण्ट, सागर
मो. 8319424504, 07582-223306

## देखभाल

### सभा में कहा- नर्सें ही यहां की पहचान; राज्य में 5 लाख नर्सें; 9 अप्रैल को चुनाव

# केरल की नर्स ने रातभर मेरी मां को संभाला : राहुल

नई दिल्ली

राहुल गांधी ने एक सभा में सोनिया गांधी की देखभाल कर रही केरल की नर्स का ज़िक्र किया और इन्हें राज्य की पहचान बताया। दरअसल बुधवार को राहुल को कोझिकोड जाना था, लेकिन वे सोनिया गांधी के हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह से जा नहीं पाए। उन्होंने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। राहुल ने कहा, 'मैं हॉस्पिटल में अपनी मां के कमरे में एक छोटे से सोफे पर सो रहा था। मैं भी हर बेटे की तरह अपनी मां की सेहत को लेकर बहुत परेशान हूं। हालांकि केरल की नर्स ने मेरी मां का बहुत ख्याल रखा, जिससे उन्हें राहत मिली।' सिर्फ केरल की बात करें तो राज्य में करीब 5 लाख नर्सें रजिस्टर्ड हैं। वहीं देशभर में केरल की 10 लाख से ज्यादा नर्से काम करती हैं। वहीं, विदेश में यह संख्या 20 लाख से ज्यादा है। ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल ने नर्स का जिक्र कर इस तबके को साधने की कोशिश की है। केरल में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में विधानसभा चुनाव होने हैं।



### वर्चुअली संबोधन में पहले मां के बारे में बात की..

कल रात, मैं हॉस्पिटल में अपनी मां के कमरे में एक छोटे से सोफे पर सो रहा था। जैसे कि कोई भी बेटा अपनी मां की सेहत को लेकर परेशान रहता है, मैं भी परेशान था। पूरी रात, मुझे सिर्फ एक चीज से सुकून मिला। मुझे केरल की एक नर्स से सुकून मिला जो हर घंटे मेरी मां को देखने आती थी। हर एक घंटे, वह आकर उन्हें देखती थी। वह मुस्कुराती थी और उनका हाथ पकड़ती थी। मैंने सोचा कि केरल की नर्सों ने कितने बेटों, बेटियों, भाइयों और बहनों को उनके सबसे मुश्किल पलों में सुकून दिया है। सुबह-सुबह, मैंने उनसे पूछा, क्या आप रात में सोती हैं, या पूरी रात काम करती हैं? उन्होंने कहा, मैं पूरी रात काम करती हूं। तो, जब पूरी दुनिया सो रही है, केरल की औरतें, सिर्फ केरल में ही नहीं बल्कि दिल्ली में, पूरे देश में और दुनियाभर में लोगों को सुकून दे रही हैं। उनका हाथ थाम रही हैं, और उन्हें आराम महसूस करा रही हैं। मेरे लिए, यही केरल की पहचान है।

### भोपाल में ट्रैक्टर ने युवक को मारी टक्कर, मौत

भोपाल। भोपाल के परवलिया इलाके में गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक के सिर पर ट्रॉली का पहिया चढ़ने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मनोज विश्वकर्मा (38) रतनपुर कॉलोनी परवलिया रोड का रहने वाला था। वह प्लंबिंग का काम करता था। गुरुवार सुबह काम पर जा रहा था। मुख्य मार्ग पर टक्कर के बाद ट्रैक्टर कच्चे रास्ते से नीचे उतरकर खेत में जाकर पलट गया। हादसे में ड्राइवर को भी चोट आई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ड्राइवर मौके से भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही गई है।




प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87